जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा
www.dainikjagranmpcg.com ✹ चाचौड़ा ✹ राघौगढ़ ✹ मुंगावली ✹ चंदेरी ✹ पोहरी ✹ कोलारस ✹ जीरापुर ✹ सारंगपुर ✹ बड़नगर ✹ नागदा भोपाल, 27 अगस्त 2026

न पार्किंग की व्यवस्था, न ट्रैफिक प्लान, पीपल चौराहे से मातृछाया कॉम्प्लेक्स तक लग रहा जाम

# रक्षाबंधन से पहले ब्यावरा बाजार में जाम का जंजाल, यातायात व्यवस्था बेपटरी





जागरण, ब्यावरा

रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के बाजार में खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है। शुक्रवार को जिलेभर में रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। इसे लेकर बहनों का भाइयों के घर आने-जाने लगा हुआ है। शहर में राखी, कपड़े, नारियल, फल फ्रूट सहित अन्य दुकानों पर खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और पुरुष पहुंच रहे हैं। इसके चलते मुख्य बाजार और प्रमुख चौराहों पर भीड़ बढ़ गई है। लेकिन त्योहार की भीड़ को देखते हुए नगरपालिका, पुलिस और प्रशासन की ओर से न तो पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की गई है और न ही यातायात को सुचारू रखने के लिए कोई प्रभावी प्लान नजर आ रहा है।

## ट्रैफिक जवानों के सामने पीपल चौराहे पर बीच सड़क खड़े रहे वाहन

बुधवार को पीपल चौराहे पर स्थिति यह रही कि बीच चौराहे पर दो चार पहिया वाहन और बाइकें खड़ी कर दी गईं। इससे वाहनों की क्रॉसिंग रुकने लगी और बार-बार जाम के हालात बनते रहे। खास बात यह रही कि चौराहे पर दो-तीन ट्रैफिक्र पुलिसकर्मी भी तैनात थे। वे भी यातायात व्यवस्था को लेकर परेशान नजर आए, लेकिन सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाने की कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में जब प्रतिनिधि ने कारण पूछा तो पुलिसकर्मियों ने बताया कि वे वाहनों के ऑनलाइन चालान बना रहे हैं।

## त्योहार के दिन बढ़ेगी भीड़, फिर कैसे संभलेगा ट्रैफिक

रक्षाबंधन पर बाजार में शुक्रवार को भीड़ और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में यदि पार्किंग, अस्थायी दुकानों और चौराहों पर खड़े वाहनों को लेकर व्यवस्था नहीं की गई तो मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था और बिगड़ सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगरपालिका, पुलिस और प्रशासन को त्योहार के दौरान प्रमुख बाजार क्षेत्रों में पार्किंग स्थल तय करने, कट प्वाइंट खाली रखने और सड़क पर लगने वाले अस्थायी दुकानदारों को व्यवस्थित करने की तत्काल जरूरत है।

नतीजा यह है कि ओल्ड एबी रोड, पीपल चौराहा, राजगढ़ रोड, मातृछाया कॉम्प्लेक्स और टेंशन चौराहा सहित कई स्थानों पर बार-बार जाम के हालात बन रहे हैं।



## मातृछाया के सामने दर्जनभर बाइक

पीपल चौराहे के बाद बालाजी मंदिर के सामने कट प्वाइंट पर भी यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई नजर आई। यहां एक काले रंग की चार पहिया वाहन कट पर खड़ी मिली। वहीं मातृछाया कॉम्प्लेक्स के सामने हालात और ज्यादा खराब रहे। यहां पूरे कट प्वाइंट पर एक दर्जन से अधिक बाइकें खड़ी कर दी गई थीं। इससे वाहनों की क्रॉसिंग बाधित रही और दिनभर जाम के हालात बनते-बिगड़ते रहे।



## सड़क और फुटपाथ पर सजी दुकानें, वाहनों के लिए जगह कम

त्योहार को लेकर शहर की सड़कों और चौराहों के आसपास हाथ ठेले व फुटपाथ पर अस्थायी दुकानें लग गई हैं। दूसरी ओर बाजार में आने वाले लोग सड़क किनारे और चौराहों के कट प्वाइंट पर वाहन खड़े कर खरीदारी के लिए चले जाते हैं। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो रही है और वाहनों की क्रासिंग में परेशानी आ रही है। त्योहार के बीच अब केवल एक दिन का समय बचा है, लेकिन यातायात व्यवस्था को लेकर जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस इंतजाम नजर नहीं आ रहे हैं।



# ईद मिलादुन्नबी पर निकला शानदार जुलूस, अमन-भाईचारे का दिया संदेश

## आयोजन के दौरान रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

जागरण, ब्यावरा

पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोह मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के यौमे विलादत के मुबारक मौके पर नगर में ईद मिलादुन्नबी का पर्व अकीदत, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन ब्यावरा की निगरानी में मुस्लिम नौजवान जमात द्वारा शानदार जुलूस निकाला गया। जुलूस में मुस्लिम समाज के बड़ी सं या में नौजवान, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए। जुलूस के दौरान नात-ए-पाक और दरूदो-सलाम की सदाओं के बीच पैगंबर हजरत मोह मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शिक्षाओं तथा उनके अमनए मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत के पैगाम को आम किया गया। शहर के विभिन्न मार्गों से निकला जुलूस जहां-जहां से गुजरा, वहां लोगों ने उसका स्वागत किया। पूरे आयोजन के दौरान आपसी भाईचारे, सौहार्द और अनुशासन का माहौल नजर आया। जुलूस की व्यवस्थाओं को संभालने में मुस्लिम नौजवान जमात के कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान पुलिस ने मस्जिद से लेकर जुलूस के मार्ग और चौराहों पर काफी सुरक्षा व्यवस्था की गई।

## पैगंबर ने पूरी इंसानियत को दिया प्रेम और शांति का संदेश

इस अवसर पर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर इक़बाल हुसैन ने सभी समाजजनों को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद देते हुए कहा कि पैगंबर हजरत मोह मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने पूरी इंसानियत को प्रेम, शांति, भाईचारे, रहमदिली और मानवता का संदेश दिया है। हमें उनके बताए रास्ते पर चलते हुए समाज में अमन और सद्भाव को और मजबूत करना चाहिए। वहीं, सफल आयोजन पर मुस्लिम नौजवान जमात के सदर जावेद खान ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर व्यवस्थाओं के लिए नगरपालिका, प्रशासन एवं पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में जामा मस्जिद के इमाम मु ती हाशिम अजहरी, हाफिज शहज़ाद खान, हाफिज महफूज आलम, जामा मस्जिद कमेटी सदर सैयद मोह मद अली, सैयद वकार अली, हाजी नासिर हुसैन कुरैशी, सैयद इमरान अली, कल्लू भाई मंसूरी, रईस खान, इ तेखारउद्दीन, शादाब हुसैन, कमरुद्दीन खान, युनुस अहमद, फ़िरोज़ लाला, नवाब खान, साकिब हुसैन कुरैशी, इरशाद अन्सारी, सैयद शौकत अली, अनीस खान, समीर खान, अनवर हुसैन भय्यू, सैयद आफताब हुसैन, मोहम्मद हुसैन, अन्नू गौरी, प्रिंस सैयद, सद्दाम गद्दी, इरशाद हैदर सहित बड़ी सं या में मुस्लिमबंधु मौजूद रहे।

## ईद मिलादुन्नबी पर निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित



**ब्यावरा।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर गुलशन-ए-हामिद फाउंडेशन के तत्वावधान में इंडियन पैथोलॉजी लैब के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुस्लिम समाज के वरिष्ठ सरपरस्त हाजी खालिद हुसैन कुरैशी, वरिष्ठ व्यवसायी कैलाश नारायण गुप्ता एवं बोहरा समाज के वरिष्ठ शफी सैफी ने किया। इस दौरान अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवा के ऐसे प्रयास जरूरतमंदों के लिए बेहद उपयोगी साबित होते हैं। शिविर में करीब 100 लोगों का निःशुल्क हेल्थ चेकअप एवं ब्लड जांच की गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जांच कर लोगों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया व निःशुल्क परामर्श दिया। कार्यक्रम को गुलशन-ए-हामिद फाउंडेशन के सदस्यों व सेवानिवृत्त अधिकारी रईस खान, राशिद खान, रहीम रईन, साबिर खान, साजिद खान एवं डॉ. आसिफचौधरी का विशेष सहयोग रहा।

## न्यूज कॉर्नर

### डॉ. हार्डीकर की पुण्यतिथि मनाई, ईद के जुलूस का स्वागत



**ब्यावरा।** पीपल चौराहे पर कांग्रेस और सेवादल के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सेवादल के संस्थापक एवं प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डीकर की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान पार्षद ज्ञानू विजयवर्गीय ने डॉ. हार्डीकर के चित्र पर पुष्पहार अर्पित किया। उपस्थित कांग्रेस और सेवादल कार्यकर्ताओं ने भी पुष्पांजलि देकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के बाद पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकाले गए मुस्लिम समाज के जुलूस का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों का आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष कपिल शिवहरे, अर्पित शर्मा, सेवादल जिला महासचिव राजेन्द्र खत्री, सेवादल ब्लाक अध्यक्ष सिद्धार्थ तिवारी, नगर सेवादल अध्यक्ष घनश्याम पाराशर, सूरज दांगी, विकास गुप्ता, राधेश्याम दांगी, अर्जुन चौहान सहित कई कांग्रेस एवं सेवादल के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फसल बीमा की मांग को लेकर आज कलेक्ट्रेट घेराव

**जागरण, ब्यावरा।** वर्ष 2025 की खरीफ फसल का बीमा अब तक किसानों को नहीं मिलने के विरोध में जिला किसान कांग्रेस कमेटी द्वारा 27 अगस्त को कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे आयोजित होगा। किसान कांग्रेस ने जिलेभर के किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में राजगढ़ पहुंचकर आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के निर्देशानुसार आयोजित होने वाले इस घेराव का नेतृत्व किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवान सिंह बागड़ी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्र सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता करेंगे। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि खरीफ फसल बीमा की राशि अब तक किसानों के खातों में नहीं पहुंचने से किसान आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं। किसानों के हक की लड़ाई बताया आंदोलन कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह किसी व्यक्ति विशेष की लड़ाई नहीं, बल्कि जिले के अन्नदाताओं के हक और अधिकार की लड़ाई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी मांग को मजबूती से उठाएं। साथ ही सरकार की किसान नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों को समय पर फसल बीमा का लाभ मिलना चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावरा के उपाध्यक्ष एवं जनपद पंचायत सदस्य लखन यादव ने जिले के किसानों और युवाओं से आंदोलन में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज सरकार तक पहुंचाने के लिए आंदोलन को मजबूती दी जाएगी।

# वृद्धाश्रम में आगजनी और तोड़फोड़, पुलिस ने शुरू की जांच

जागरण, ब्यावरा

खिलचीपुर के श्मशान परिसर स्थित वृद्धाश्रम में आगजनी और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। घटना में वृद्धाश्रम के एक हॉल में रखा सामान, कपड़े और बिस्तर जलकर राख हो गए। वहीं, परिसर में बने तीन लेट-बाथरूम में भी तोड़फोड़ किए जाने की बात सामने आई है। वृद्धाश्रम और श्मशान परिसर की देखरेख करने वाले न्यायालय के सेवानिवृत्त बाबू राम भरोसे शर्मा ने कुछ लोगों के खिलाफखिलचीपुर थाने में नामजद शिकायत दर्ज कराई है। राम भरोसे शर्मा ने बताया कि सोमवार रात वह वृद्धाश्रम के हॉल में मौजूद थे। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और उनके साथ मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के बाद हमलावरों ने गैस सिलेंडर उठाकर बिस्तर पर फेंक दिया, जिससे आग लग गई। आग की चपेट में आने से हॉल में रखा कपड़ा, बिस्तर और अन्य सामान जल गया। घटना के दौरान वृद्धाश्रम के तीन लेट-बाथरूम में भी तोड़फोड़ किए जाने का आरोप है।




**मुंह पर कपड़ा बांधकर जीरुपर के पास छोड़ा**

शिकायतकर्ता राम भरोसे शर्मा ने पुलिस को बताया कि घटना के बाद आरोपियों ने उनके मुंह पर कपड़ा बांध दिया और उन्हें एक वाहन में बैठाकर जीरापुर के पास छोड़ दिया। इसके बाद उनके बेटों ने उनकी तलाश शुरू की। दोनों बेटों ने मंगलवार को खिलचीपुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने रामभरोसे शर्मा के मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें जीरापुर के पास से तलाश किया कर खिलचीपुर लेकर आई।

**पुराने विवाद के बाद वारदात का आरोप**

रामभरोसे शर्मा ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले बाजार में उनके साथ मारपीट की थी और उसी पुराने विवाद के चलते वृद्धाश्रम में आगजनी व तोड़फोड़ की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने वृद्धाश्रम का मौकामुआयना कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।

अंजनीलाल धाम — जहां कभी था जंगल, आज गूंजती है आस्था, संकल्प से साकार हुआ श्री अंजनीलाल धाम

# देवधरा राजगढ़ : हर मंदिर की कहानी, आस्था की जुबानी

जागरण, ब्यावरा

कभी घने जंगल, कंटीली झाड़ियों और दुर्गम रास्तों के बीच एक छोटे से चबूतरे पर विराजमान भगवान अंजनीलाल का स्थान आज श्रद्धा, सेवा और संकल्प के भव्य केंद्र श्री अंजनीलाल धाम के रूप में पहचान बना चुका है। करीब 52 वर्ष पहले कुछ युवाओं ने जिस निर्जन स्थल पर सेवा का संकल्प लिया था, वह संकल्प आज एक भव्य धार्मिक एवं सामाजिक केंद्र का स्वरूप ले चुका है।



**पांच दशक बाद बनी भव्य धाम की पहचान :** वर्ष 1972-73 में कुछ युवाओं ने खुले आसमान के नीचे विराजमान भगवान श्री अंजनीलाल की प्रतिमा के लिए छाया की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। करीब 1500 रुपये की लागत से प्रस्तावित टीन शेड के लिए युवाओं ने आपसी सहयोग और जनसहयोग से राशि जुटाई। एक छोटे से प्रयास से शुरू हुई यह यात्रा आगे चलकर मंदिर के निरंतर विकास की आधारशिला बनी। वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और श्रद्धालुओं के सहयोग से युवाओं ने मंदिर समिति का गठन किया। समिति के सदस्यों ने स्वयं श्रमदान किया और जनसहयोग से विकास कार्यों को गति दी। दान राशि के पारदर्शी उपयोग और सेवा भावना ने समाज में विश्वास कायम किया और धीरे-धीरे इस स्थान का स्वरूप बदलता चला गया।

**आस्था ने बदल दी अजनार नदी किनारे की तस्वीर :** आज यहां मकराना मार्बल से निर्मित भव्य श्री अंजनीलाल मंदिर, विशाल शिवालय, दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित श्री राम-जानकी मंदिर, विशाल सभा भवन, आरोग्य भवन, यज्ञशाला, सुंदर पार्क, कार्यालय भवन और विशाल मंदिर द्वार श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। स्वच्छ एवं सुंदर परिसर और अजनार नदी के तट का प्राकृतिक परिवेश इस धाम की सुंदरता को और बढ़ाता है। धार्मिक आस्था के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का संगम श्री अंजनीलाल धाम को क्षेत्र का विशिष्ट आकर्षण बनाता है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति के साथ प्रकृति की सहज सुंदरता का भी अनुभव होता है।

**प्रवचन से महोत्सवों तक निरंतर बढ़ता रहा आस्था का कारवां :** वर्ष 1974 की चैत्र नवरात्रि में मंदिर पर कलशारोहण के साथ प्रवचन परंपरा की शुरुआत हुई। समय के साथ यहां नवरात्रि महोत्सव, हनुमान जयंती, शरद पूर्णिमा सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होने लगे। संत-महात्माओं और विद्वानों के प्रवचनों ने इस धाम की आध्यात्मिक पहचान को और मजबूत किया। श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कैलाश गुप्ता टाटा के अनुसार, मंदिर निर्माण और विकास की लंबी यात्रा के बाद अब ट्रस्ट सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों को विस्तार देने की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लेकर कार्य कर रहा है।



## राखी बाजार में बिजली कनेक्शन को लेकर दुकानदारों की परेशानी

**जागरण, ब्यावरा।** जिले में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शहर के पुराने अस्पताल परिसर में नगर पालिका प्रशासन ने राखी बाजार लगाया हैए जहां दो दर्जन से अधिक दुकानें सजी हैं। दुकानदारों ने रोशनी के लिए बिजली के पोल से सीधे कनेक्शन ले रखे थे। बुधवार शाम बिजली विभाग की टीम ने दुकानदारों को अवैध कनेक्शन के संबंध में समझाइश दी और कुछ दुकानों के कनेक्शन काट दिए। इससे दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में आपसी सहमति बनने पर बिजली लाइन दोबारा जोड़ दी गई। रक्षाबंधन के चलते बाजार में दिनभर खरीदारों की भीड़ बनी हुई है।

गुराड़िया गांव में नोटिस चस्पा करने पहुंची थी बैंक टीम, विवाद के बाद हमला करने का आरोप, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

# लोन वसूली को लेकर बैंक टीम पर किया पथराव और मारपीट

**जागरण, ब्यावरा**

खिलचीपुर थाना क्षेत्र के गुराड़िया गांव में मंगलवार शाम लोन वसूली को लेकर विवाद बढ़ गया। डिफॉल्टर ग्राहक के घर नोटिस चस्पा कर लौट रही बैंक टीम की दो कारों को गुराड़िया जोड़ के पास रोककर पथराव और मारपीट किए जाने का आरोप है। घटना में बैंक टीम के दो सदस्यों सहित अन्य कर्मचारियों को चोटें आई हैं। पथराव में दोनों कारों के शीशे टूट गए, जबकि एक कर्मचारी का मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गया। बैंक टीम ने एक कार से लैपटॉप निकालकर ले जाने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने देर रात एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

बैंक के मुताबिक गुराड़िया निवासी राधेश्याम ने ब्यावरा शाखा से देव किराना और बालाजी कलेक्शन के नाम पर दो ऋण लिए थे। इनमें वर्ष 2022 में 7 लाख रुपए और वर्ष 2024 में ढाई लाख रुपए का लोन शामिल है। दोनों खातों में चार-चार किस्तें बाउंस होने के बाद बैंक ने सरफेसी एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की थी। मंगलवार को क्लस्टर मैनेजर जितेंद्र ठाकुर, पोर्टफोलियो मैनेजर घनश्याम गुर्जर, टीम लीडर राहुल पटेल, एक अधिवक्ता सहित छह सदस्य दो वाहनों से ग्राहक के घर पहुंचे थे। बैंक कर्मचारियों के अनुसार, नोटिस चस्पा करने के दौरान ग्राहक पक्ष से विवाद हुआ। टीम जब वापस लौटने लगी तो गुराड़िया जोड़ के पास कुछ लोगों ने पिकअप वाहन सड़क पर खड़ा कर दोनों कारों का रास्ता रोक दिया।

कहासुनी के बाद लोगों ने पथराव शुरू कर दिया और बैंक कर्मचारियों के साथ मारपीट की। हमले में दोनों वाहनों के शीशे टूट गए। पोर्टफोलियो मैनेजर घनश्याम गुर्जर और टीम लीडर राहुल पटेल को चोटें आई हैं। अन्य कर्मचारियों को भी चोट लगने की बात सामने आई है।



घटना के बाद बैंक अधिकारी और कर्मचारी खिलचीपुर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। शाजापुर निवासी राहुल खात्री की शिकायत पर पुलिस ने बनवारी गोस्वामी सहित अन्य लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। वहीं, मामले में दूसरे पक्ष के राधेश्याम के सिर में चोट लगने की जानकारी सामने आई है और उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों से जुड़े तथ्यों को जांच में शामिल किया है। पुलिस घटनास्थल पर मौजूद लोगों के बयान लेने के साथ विवाद की वजह और हमले में शामिल लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रक्षा बंधन त्योहार पर महंगाई की मार

**जागरण, सुठालिया।** त्यौहारी सीजन से पहले महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। सोना-चांदी आसमान छू रहा है तो शक्कर, प्याज, तेल, दाल सहित रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। अब प्याज भी महिलाओ के आंसू निकाल रहा है



निम्न ओर मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है। सर्राफा बाजार में सोने का भाव इस सप्ताह 1 लाख पचास हजार रुपये प्रति 10 ग्राम को पार कर गया हैए वहीं चांदी दो लाख चालीस हजार रुपये प्रति किलो से ऊपर बिक रही है। दुकानदारों का कहना है कि शादी सीजन के कारण आगे और तेजी की संभावना है। किराना बाजार में भी हालात खराब हैं। पिछले 15 दिन में शक्कर 42 से बढ़कर 68 रुपये किलो, प्याज 25 से 40 रुपये किलो, खाद्य तेल 130 से 160 रुपये लीटर हो गया है। अरहर दाल 140 रुपये और आलू बीस रुपये किलो बिक रहा है। किरना व्यापारियों ने बताया की शकर के अचानक भाव बढ़ गए ही वही अन्य वस्तुओं के भी भाव बढ़ रहे है। सब्जी व्यापारियों का कहना है कि थोक मंडी में आवक कम होने और परिवहन लागत बढ़ने से दाम बढ़े हैं। प्रशासन से लोगों ने महंगाई पर नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

## परलापुरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू

**जागरण, सुठालिया**



नगर के परलापुरा में कोलू भेरू के समीप 17 लाख रु की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण के लिए शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई बुधवार को नप एवम प्रशासन द्वारा शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार सोमवार को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार द्वारा भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया था। उन्होंने प्रशासन को बुधवार तक भूमि खाली कराने के निर्देश दिए थे इसके बाद से ही प्रशासन ने मौके पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि यह सामुदायिक भवन 17 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा। भवन बनने से स्थानीय लोगों को सामाजिक और मांगलिक कार्यक्रमों के लिए सुविधा मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि उक्त सामुदायिक भवन निर्माण की कई वर्षो से मांग की जा रही थी इसके लिए पिछले चार साल पहले राशि आवंटित हो चुकी थी वही भूमि पूजन भी कर दिया गया था लेकिन भवन निर्माण नही हुआ वार्ड पार्षद सहित लोगो ने सामुदायिक भवन निर्माण हेतु मंत्री जी से चर्चा की तो उन्होंने राशि स्वीकृत कराई ओर भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन किया अब देखना है कि अतिक्रमण की कार्यवाही के बाद भवन निर्माण कब तक शुरू होगा। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार हरीश चंद्र तोमर, सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती, पटवारी सुनील यादव, दरोगा कुलदीप राठौर सहित नप राजस्व अमला मौजूद था।

## न्यूज कार्नर

### रक्षाबंधन से पहले बाजारों में बढ़ी रौनक जमकर हुई खरीदारी



**कुरावर।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। बुधवार को सुबह से ही बाजारों में माताओं और बहनों की भीड़ देखने को मिली। लोगों ने रक्षाबंधन की तैयारियों को लेकर कपड़ों, राखी, गोला-नारियल, मिठाई और अन्य पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी की। राखी की दुकानों पर रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियों की खूब मांग रही। वहीं कपड़ों, मिठाई और अन्य दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ लगी रही। त्यौहार के चलते बाजारों में बढ़ी चहल-पहल से व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे।

### पूर्व मंत्री सिंह ने जीतू पटवारी के काकाजी के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदनाएं



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं राजगढ के पूर्व प्रभारी मंत्री जयवर्धन सिंह ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के काकाजी स्व. घनश्याम पटवारी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। जयवर्धन सिंह ने इन्दौर स्थित उनके निवास पहुँचकर दिवंगत पुण्यात्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी शोक संवेदनाएँ व्यक्त कीं तथा ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने और परिवार को यह असमय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस मौके पर पूर्व विधायक राजगढ़ हेमराज कल्पोनी उपस्थित थे।

# युवा ऊर्जा को सही दिशा मिले तो राष्ट्र निर्माण को मिलेगी नई ताकत : कार्यवाह मीणा

**जागरण, ब्यावरा**




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं के सामने राष्ट्र निर्माण, परिवार के संस्कार, स्वावलंबन, डिजिटल दौर की चुनौतियों और सामाजिक जिम्मेदारियों को लेकर व्यापक वैचारिक विमर्श हुआ। मुख्य वक्ता प्रांत सह कार्यवाह संतोष मीणा ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ऊर्जा है। इस ऊर्जा को सही दिशा और सकारात्मक गति मिल जाए तो युवा राष्ट्र निर्माण की मजबूत ताकत बन सकता है। संतोष मीणा ने कहा कि युवा की पहली योग्यता उसकी देशभक्ति है। अमीर या गरीब होना उसकी क्षमता का अंतिम पैमाना नहीं है। उन्होंने युवा और वायु का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह वायु निरंतर गतिशील रहती है, उसी तरह युवाओं में भी अपार ऊर्जा होती है। जरूरत इस ऊर्जा को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने की है। उन्होंने कहा कि युवा का पहला गुरु उसका परिवार है, जहां से उसे अनुशासन, संवेदना, निष्ठा और राष्ट्रबोध के संस्कार मिलते हैं।

संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विजयादशमी उत्सव में संचलन, घर-घर संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, प्रमुख लोगों के साथ गोष्ठी और समाज के प्रमुख व्यक्तियों से संवाद जैसे कार्यक्रम चल रहे हैं। इसी क्रम में देशभर में युवाओं के बीच जाकर वैचारिक संवाद स्थापित करने का अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने सोशल मीडिया पर बिना सत्यापन सूचनाएं आगे बढ़ाने से बचने की अपील की। कहा कि वर्तमान समय में वैचारिक और मनोवैज्ञानिक स्तर पर भी चुनौतियां हैं, इसलिए युवाओं को अध्ययन और विवेक के माध्यम से सही-गलत की पहचान करनी होगी। उन्होंने युवाओं से बेरोजगारी की शिकायत करने के बजाय आसपास की समस्याओं को पहचानकर उनके समाधान का हिस्सा बनने का आह्वान किया।

गौ-सेवा को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने, विदेश जाकर ज्ञान और व्यापार का विस्तार करने के साथ मातृभूमि के प्रति संवेदना बनाए रखने तथा भ्रष्टाचार से मुक्ति की शुरुआत परिवार से करने पर भी जोर दिया गया। मुख्य अतिथि ने युवाओं से कहा कि वे अधिकारों के साथ संविधान में दिए मौलिक कर्तव्यों को भी समझें। उन्होंने कहा कि बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए गूगल पर निर्भर रहने के बजाय पुस्तकों और गंभीर अध्ययन की आदत विकसित करनी होगी। करियर का उपयोग समाज सेवा में भी किया जाना चाहिए।

संतोष मीणा ने डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ का मूल उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है। कार्यक्रम में संदेश दिया गया कि सशक्त, संस्कारित और जागरूक युवा ही मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकता है।

### एक दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सत्संग आज

**सुठालिया।** नगर में धार्मिक आयोजन को लेकर एक बार फिर तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। सुठालिया के सेलिब्रेशन गार्डन में आज 27 अगस्त गुरुवार को एक दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार कथा दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक होगी। कथा का वाचन प्रेमनारायण जी गेहूखेड़ी वाले के मुखारबिंद से होगा। आयोजन कर्ता सुनील सरावत ने सभी धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की है।

## ईद मिलादुन्नबी पर अस्पताल में मरीजों को बांटे फल, दिया मानवता का संदेश

**जागरण, सारंगपुर**



नगर में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर अंजुमन इस्लाम कमेटी की ओर से शासकीय अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए। कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों की कुशलक्षेम पूछी और उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ की। इस दौरान अस्पताल में सेवा और सद्भावना का माहौल नजर आया। अंजुमन इस्लाम कमेटी सदर एम, अलीम बाबा, शाही जामा मस्जिद के इमाम कारी अब्दुल रशीद, जललाह उस्ताद, अ. रहीम भाई, साजिद हाफिज, आशिक हाफिज, जब्बर भाई सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने मरीजों को फल वितरित किए और जरूरतमंदों की सेवा को ईद मिलादुन्नबी के संदेश से जोड़ते हुए मानवता का संदेश दिया।

### पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म की खुशी का पर्व

ईद मिलादुन्नबी इस्लामी परंपरा में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म की याद में मनाया जाने वाला अवसर है। इस दिन मुस्लिम समाज में विशेष इबादत, दुआ और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पैगंबर मोहम्मद साहब की शिक्षाओं में इंसानियत, जरूरतमंदों की मदद, गरीबों के प्रति संवेदना, आपसी भाईचारा और शांति को विशेष महत्व दिया गया है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए सारंगपुर में कमेटी सदस्यों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल बांटे। आयोजकों का कहना था कि खुशी के अवसर को केवल अपने तक सीमित रखने के बजाय जरूरतमंद और बीमार लोगों के साथ साझा करना समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करता है।

### सेवा के जरिए दिया भाईचारे का संदेश

अस्पताल में फल वितरण के दौरान सदस्यों ने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत की। उन्होंने सभी के स्वस्थ होने की कामना की। इस पहल के माध्यम से ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मानव सेवा और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया।

## वरिष्ठ समाजसेवी शेख बहादुर का इंतकाल, शहर में शोक



**जागरण, सारंगपुर**

शहर के लिए मंगलवार का दिन गमगीन रहा। शहर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं अंजुमन इस्लाम शाही जामा मस्जिद कमेटी के कोषाध्यक्ष और सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष शेख बहादुर का आकस्मिक इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर लगते ही पूरे शहर में शोक की लहर दौड गई। सभी समाज और राजनीतिक दलों के लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उनका जनाजा उनके स्वनिवास से उठाया गया और नमाज-ए-जनाजा अदा करने के बाद कब्रिस्तान मोहल्ला मुकेरवाडी में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे के दौरान में शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के सैकडों लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

**सद्भावना के प्रतीक थे शेख बहादुर :** उल्लेखनीय समाजसेवी शेख बहादुर हमेशा हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे के लिए जाने जाते थे और सद्भावना के प्रतीक थे। सद्भावना विकास मंच के माध्यम से उन्होंने हमेशा शहर में अमन और शांति के लिए काम किया। उनके जाने से सारंगपुर ने एक सच्चा समाजसेवी और मिलनसार व्यक्तित्व खो दिया है, जिसकी भरपाई मुश्किल है। पूर्वमंत्री हुकुम सिंह कराड़ा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोदी आदि नेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार द्वारा शिक्षक गरिमा शिविर संपन्न

**जागरण जीरापुर**




शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शाखा जीरापुर एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ जीरापुर द्वारा शिक्षक गरिमा शिविर का आयोजन स्थानीय आवास कालोनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला परिसर में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित हुए इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे अभियानों एवं रचनात्मक गतिविधियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा हेतु हरसंभव सहयोग प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सावन पाटीदार, विशेष अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामबाबू पाटीदार, बीआरसी गजेन्द्र शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि राधेश्याम गामी मंचासीन रहे। जहां मुख्य वक्ता के रूप में श्रीकृष्ण शर्मा बाबूजी (प्रांतीय संयोजक, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा भोपाल) डॉ. श्रीमती प्रेरणा मनाना, श्रीमती उर्मिला तोमर, डॉ. महेश वंछिया एवं अशोक श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के जीवन में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का महत्व, शिक्षक की गरिमा, संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण, नशा मुक्त भारत में शिक्षक का योगदान एवं एनईपी-2020 में संस्कृति और योग की भूमिका विषयों पर मार्गदर्शन दिया। वही जिला समन्वयक डॉ. ओ.पी. पंवार ने शिक्षक गरिमा शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भागीदारी करने वाले सत्यप्रकाश शर्मा का स्वागत सम्मान किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक श्याम सुंदर पाटीदार ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुवे बताया कि जिले में कक्षा 5 से 12 वीं तक के 25 हजार विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भाग लेने हेतु जिले के विद्यालयों में पुस्तिकाएं वितरित करने हेतु संपर्क किया गया है।

बुधवार रात्रि 9 बजे कुण्डालिया बांध के 4 गेट 0.60 मी. खोलने का विभाग ने किया अलर्ट जारी

# लगातार हो रही बारिश से कुण्डालिया बांध का बढा जलस्तर, गेट खोले

**जागरण, जीरापुर**



मध्यप्रदेश में मानसून सक्रिय होने से अगस्त महिने के आखिरी दौर मे पिछले दो दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी होने से क्षेत्र मे कई नदी नाले उफान पर आ गये है साथ ही जलाशयों में हो रही जल की आवक से जलाशयों का जल स्तर भी बढ़ रहा है, ऐसे मे नगर सहित क्षेत्र मे हो रही झमाझम बारिश होने से जहां तापमान मे गिरावट आई वही लोगों के आम जन जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने लगा है, इसी के साथ बेसहारा पशुओ के लिए यह बारिश परेशानी का सबब बन रही है।

प्रदेष भर में इन दिनों वेदर सिस्टम सक्रिय होने से नगर सहित क्षेत्र में कभी तेज तो कभी रिमझिम लगातार बारिश हो रही है, बारिश से पूरे क्षेत्र के नदीए नाले एक बार फिर उफान पर बहने लगे है, दो दिन से जारी बारिश से कुण्डालिया बांध, छॉपी बांध सहित क्षेत्र के सभी जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है कुण्डालिया बांध मे लगातार हो रही जल की आवक को देखते हुए सिंचाई विभाग के आला अधिकारी दिन-रात बांध के जलस्तर की स्थिति पर नजर बनाये हुए है। गौरतलब है कि बुधवार सुबह बारिश थमने से लोगो ने राहत की सांस ली लेकिन कुंछ देर बाद फिर से शुरू हुए बारिश के दौर ने पूरे नगर को तरबतर कर दिया जो रूक-रूक कर कभी तेज तो कभी कम बारिष का सिलसिला दिन भर चलता रहा, लगातार हो रही बारिष से अब मौसम में भी काफी ठंडक घुल गई है। मौसम विभाग के ऑकड़ों पर नजर डाले तो पिछले 24 घंटे मे जीरापुर मे 113 मिमि बारिश दर्ज की गई है।

**कुण्डालिया बांध का बढ़ा जलस्तर :** पिछले दो दिन से जारी बारिश से क्षेत्र के छोटे-बड़े तालाबों के साथ जिले के वृहद कुण्डालिया बांध का जल स्तर भी तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे बांध के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए विभाग द्वारा बुधवार रात्रि 9 बजे कुण्डालिया बांध के 4 गेट 0.60 मीटर खोलने का अलर्ट जारी किया है, प्रशासन ने निचले इलाकों के गांवो मे अलर्ट जारी करते हुए लोगों से अपील कि है कि नदी से दूरी बनाये रखे, रपटा, पुल पुलियाओं के उपर पानी होने पर इन्हे पार न करेए बिजली के किसी भी उपकरण को हाथ न लगाये।

## अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकरों से हादसों का खतरा

**जागरण, तलेन**



नगर के इकलेरा चोराहा से इकलेरा मार्ग पर बने अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकर और उनके अगल-बगल बने गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गए हैं। प्रतिदिन दर्जनों वाहनों के साइलेंसर, चेंबर और टायर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, फिर भी जिम्मेदार विभाग ध्यान नहीं दे रहा। नगर के इकलेरा मार्ग पर बिना किसी मानक के ऊंचे-ऊंचे स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं। न तो उन पर सफेद पट्टी है, न ही संकेत बोर्ड। रात में तो ये ब्रेकर बिल्कुल दिखाई नहीं देते। ब्रेकरों के अगल बगल में दोनों तरफ 1 से 1.5 फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं। यदि वाहन चालक या बाइक सवार जैसे ही ब्रेकर से बच कर निकलने की कोशिश करते हैं तो सीधे गड्ढे में गिरते है। पानी भराव के कारण ये गड्ढे दिखाई नहीं देते। अभी तक आधा दर्जन से ज्यादा बाइक सवार व वाहन चालक घायल हो चुके हैं। लगभग 2 वर्ष पूर्व बनाए गए इन ब्रेकर को अभी तक व्यवस्थित नहीं किया गया हैं। लोगों ने मांग की है कि अवैध और अव्यवस्थित ब्रेकरों को हटाकर मानक अनुसार ब्रेकर बनाए जाएं और गड्ढों को तत्काल भरा जाए।

## त्योहारों को लेकर पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**जागरण, जीरापुर**



भाई बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व और मुस्लिम समुदाय के मिलाद-उन-नबी के त्यौहार को लेकर मंगलवार को स्थानीय पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बलराम टॉक, उपाध्यक्ष हेमंत जोशी, सीएमओ देवनारायण दांगी व अन्य जनप्रतिनिधी अधिकारी, कर्मचारी एवं दोनो समुदाय के गणमान्य नागरिकों सहित पत्रकारों की उपस्थिति में आयोजित हुई। जिसमे उक्त दोनों त्यौहारों को लेकर उपस्थित सभी लोगों से विचार विमर्श व सुझाव लिए जाकर आगामी त्यौहारों को शांति सद्भाव के साथ उत्साह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में गणमान्य नागरिकों ने बाजार की यातायात व्यवस्था सुचारू बनाये रखने के लिए आवश्यक सुझाव दिए ऐसे में गणमान्य नागरिकों से विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये वही नपा प्रशासन को साफ-सफाई, विद्युत प्रकाश व्यवस्था, पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बारे मे जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान थाना प्रभारी मीणा ने दोनो सम्प्रदाय के लोगों को आगामी त्यौहार परंपरानुसार शांति पूर्वक आपसी सदभाव के साथ मनाने की अपील की गई। इस अवसर पर नपा नेताप्रति पक्ष कुशाल कुशवाह, ईश्वरसिंह तौमर, पार्षदगण, पत्रकारगण सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### श्रमिकों और नियोक्ताओं को मिलेगा डिजिटल रोजगार मंच

**गुना।** श्रम पदाधिकारी, जिला गुना द्वारा श्रमिकों एवं नियोक्ताओं को एक डिजिटल मंच से जोड़ने के उद्देश्य से डिजिटल लेबर चौक ऐप का औपचारिक शुभारंभ किया गया। ऐप के माध्यम से जिले के श्रमिकों को पारदर्शी, त्वरित एवं सुरक्षित रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा नियोक्ताओं को स्थानीय स्तर पर योग्य श्रमिकों से सीधे जोड़ने की सुविधा मिलेगी। ऐप के माध्यम से जिले के निर्माण, कृषि, घरेलू एवं अन्य असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिक अपना पंजीकरण कर सकेंगे।

### राज्य कौशल प्रतियोगिता का आयोजन, 15 तक कराए पंजीयन

**विदिशा।** कौशल एवं हुनरमंद युवाओं को चयनित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंडिया कौशल प्रतियोगिता की राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आईटीआई प्राचार्य कविता रघुवंशी ने बताया कि विभिन्न कौशल के प्रतिभावान युवक.युवती आगामी 15 सितंबर तक एनएसडीसी के पोर्टल अथवा एप पर पंजीयन करा सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए किसी भी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता की पात्रता नहीं हैं। एक जनवरी के बाद जन्मे व्यक्ति इसमें शामिल हो सकते हैं।

## न्यूज कॉर्नर

### एकल का 30 घंटे का आवासीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

**गुना।** एकल अभियान मध्य भारत संभाग भाग चंबल अंचल गुना के संच खिलचीपुर में 30 घंटे का आवासीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग एवं मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 30 से अधिक एकल आचार्यों एवं सेवाव्रती कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य आचार्यों को पंचमुखी शिक्षा, संस्कार, सेवा और ग्रामीण जागरण के प्रति प्रशिक्षित एवं प्रेरित करना है। समापन सत्र का शुभारंभ एकल पी 7 जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन, मध्य भारत संभाग हरि कथा अध्यक्ष घनश्याम रघुवंशी एवं गुना अंचल अध्यक्ष मनीष भार्गव सहित अतिथियों ने मां भारती के चरणों में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

### शुभम गौड़ मालदीव में निभाएंगे अंतरराष्ट्रीय निर्णायक की भूमिका

**गुना।** खेल जगत में गुना जिले का नाम एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने जिले के होनहार एवं बीएफआई क्वालिफाइड रेफरी शुभम गौड़ का चयन मालदीव में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में निर्णायक (रेफरी) के रूप में किया है। इस प्रतियोगिता के लिए पूरे मध्य प्रदेश से एकमात्र रेफरी के रूप में शुभम गौड़ का चयन होना जिले के लिए अत्यंत गौरव की बात है। जिला बास्केटबॉल संघ गुना के सचिव अतुल लुंबा ने बताया कि बीएफआई के महासचिव कुलविंदर सिंह गिल द्वारा जारी पत्र के अनुसार, यह चयन मालदीव बास्केटबॉल एसोसिएशन की मांग पर किया गया है। मालदीव की राजधानी माले में 26 अगस्त से 12 सितंबर 26 तक स्कूल एडिशन ऑफ द मालदीव जूनियर चैंपियनशिप (अंडर-14 एवं अंडर-16 बॉयज) का आयोजन किया जा रहा है।

### शुभ विदाई गार्डन के स्टोर रूम से लाखों का सामान चोरी

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित शुभ विदाई गार्डन के स्टोर रूम से अज्ञात चोर एलईडी लाइटें और एम्प्लीफायर मशीनें चोरी कर ले गए। घटना का खुलासा सामान की गिनती के दौरान हुआ, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मर्दन सिंह बाड़ी, पुरानी गल्ला मंडी निवासी गार्डन संचालक सुमित अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 6 अगस्त को स्टोर रूम में लाइट के सामान की गिनती कराकर रखवाया था। इसके बाद गत दिवस जब स्टोर रूम खोलकर सामान चेक किया, तो उसमें रखी एलईडी लाइटें और एम्प्लीफायर मशीनें गायब मिलीं। पीड़ित की रिपोर्ट पर कैंट थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बायपास पर एंबुलेंस ने कार में मारी टक्कर वाहन क्षतिग्रस्त

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत गुना बायपास पर शीतल ट्रांसपोर्ट के सामने बुधवार दोपहर एक अनियंत्रित एंबुलेंस ने कार में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि कार सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दतिया निवासी संजय दुबे अपने परिवार के साथ कार से इंदौर जा रहे थे। जैसे ही वे शीतल ट्रांसपोर्ट के पास पहुंचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार एंबुलेंस एमपी 13-3499 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए कार एमपी 13-5662 में टक्कर मार दी। हादसे में कार का बंपर, लाइट और डिग्गी टूट गए। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिला अस्पताल में पेयजल और सफाई व्यवस्था बदहाल

# नल से भरी बोतल में रेंगता मिला सांप का बच्चा, वार्ड में भर्ती मरीजों के उड़े होश

**जागरण, गुना।** जिला अस्पताल में मरीजों की सेहत से खिलवाड़ और पेयजल व्यवस्था की बदहाली का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बुधवार की सुबह अस्पताल परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक अटेंडर द्वारा भरी गई पीने के पानी की बोतल में सांप का बच्चा तैरता नजर आया। बोतल के अंदर सांप को देखते ही सर्जिकल वार्ड में हडकंप मच गया और मरीज व उनके परिजन दहशत में आ गए।



**गुना।** बोतल में सांप का बच्चा दिखाते हुए अटेंडर, एवं बोतल में सांप।

घटना सुबह करीब 9.30 बजे की है। ग्राम छीरखेड़ा निवासी देवेंद्र धाकड़ के परिजन अस्पताल में उपचाररत हैं। उनके अटेंडर मरीज के लिए पीने का पानी लेने परिसर में स्थित शिव मंदिर के पास लगी टोंटी पर गए थे। वे बोतल में पानी भरकर जैसे ही वार्ड में पहुंचे और मरीज को देने लगे, तभी उनकी नजर पारदर्शी बोतल के अंदर रेंग रहे सांप के बच्चे पर पड़ी। यह नजारा देखते ही उनके हाथ-पांव फूल गए। वार्ड में मौजूद अन्य लोगों ने जब बोतल में सांप देखा, तो वहां हडकंप मच गया।मौके पर मौजूद फतेहगढ़ निवासी सुंदर सेन ने तुरंत इस पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया। देखते ही देखते यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। इस घटना ने अस्पताल प्रशासन की स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था के तमाम दावों की धज्जियां उड़ाकर रख दी हैं। आशंका जताई जा रही है कि परिसर की मुख्य ओवरहेड टंकी या पाइपलाइन के भीतर सांप का कुनबा हो सकता है। जिला अस्पताल में पेयजल और सफाई व्यवस्था की बदहाली कोई नई बात नहीं है। यहां आए दिन गंदगी और दूषित पेयजल की शिकायतें सामने आती रहती हैं। अस्पताल परिसर में चार से पांच स्थानों पर सार्वजनिक पेयजल टोंटियां लगी हुई हैं। इन सभी जगहों पर अक्सर भारी गंदगी का आलम रहता है। टोंटियों के आसपास काई जमी रहती है और गंदा पानी भरा रहता है। समय पर टंकियों की सफाई न होने से मरीजों को मजबूरन ऐसा ही दूषित पानी पीना पड़ता है। इस गंभीर लापरवाही के बाद मरीजों के परिजनों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यह तो गनीमत थी कि पानी पीने से पहले बोतल में सांप दिख गया, वरना कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। परिजनों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और पेयजल स्रोतों की तत्काल सफाई कराने की मांग की है।

### फूड सेफ्टी एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# बिना लाइसेंस की डेयरी यूनिट सील, 5 घरेलू सिलेंडर जब्त



**जागरण, गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने एसडीएम अमित सोनी के मार्गदर्शन में तहसीलदार अनुराग जैन के साथ खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं सैंपल लेने की कार्यवाही की। जांच दल ने ग्राम बेराखेड़ी तहसील राघौगढ़ में बिना लाइसेंस की चल रही डेयरी यूनिट से पनीर, मावा एवं दूध के सैम्पल लेकर फैक्ट्री को सील किया गया।

तहसील रोड़ राघौगढ़ स्थित भगत नमकीन भंडार से मावा एवं पेड़ा, दीपक जैन स्वीट्स से मावा एवं बर्फी, कलर होटल से मावा बर्फी एवं गुलाब जामुन एवं रामनगर चौराहा स्थित अंबिका बीकानेर मिष्ठान भंडार से मावा एवं मलाई बर्फी के सैंपल्स जांच हेतु जप्त किए। सभी सैंपल्स राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे जा रहे हैं। जिनकी जांच रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

संयुक कार्यवाही में आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने भगत नमकीन भंडार से 01 तथा दीपक जैन स्वीट्स राघौगढ़ से 04 घरेलू सिलेंडर भी जब्त किए। सात ही संयुक्त टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नवीन जैन, रवि कुमार शिवहरे, सहायक आपूर्ति अधिकारी खुशबू शुक्ला शामिल रहे।

### दादा-दादी प्रेम, वात्सल्य और करुणा का सागर

# वंदना कॉन्वेट स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स उत्सव उत्साह के साथ मनाया

**जागरण, गुना।** वंदना कॉन्वेंट विद्यालय में उत्सव को उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के नन्हें-मुन्नों ने अपने नृत्य एवं शानदार प्रस्तुतियों के साथ सभी पधारे हुए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अभिभावकों को सम्मोहित किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि महोदया हिटिका वासल, पुलिस अधीक्षक, क्राइस्ट स्कूल से आमंत्रित प्राचार्य फादर बाबू तथा विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जेन्सी, उपप्राचार्या सिस्टर विनिता, प्रीमियर सिस्टर अंजली, प्राइमरी इंचार्ज सिस्टर तारा, के.जी. इंचार्ज सिस्टर अनुपमा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर की माननीय पुलिस अधीक्षक हिटिका वासल ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से वंदना परिवार को अभिभूत किया। कार्यक्रम में क्राइस्ट स्कूल के प्राचार्य फादर बाबू भी उपस्थित रहे तथा विशेष अतिथि के रूप में डॉ. धाकरे भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि महोदया आई.पी.एस. माननीय श्रीमती हिटिका वासल ने अपने उद्बोधन में घर के बड़े-बुजुर्गों को परिवार की धुरी बताते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन माता-पिता तथा पोते-पोतियों के लिए इसी जड़ें हैं,



जिससे परिवार फल-फूलता होता है। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जेन्सी ने अपने स्वागत वचनों से सभी का सम्मान करते हुए कहा कि बड़े-बुजुर्गों का प्रेम, वात्सल्य, करुणा और मार्गदर्शन पग-पग पर पूरे परिवार का मार्गदर्शन करता है। बच्चों को जहाँ वे एक कल्पवृक्ष की तरह अपनी स्नेह की छाया देते हैं, वहीं दूसरी ओर अपने अनुभव से उनका मार्गदर्शन करते हैं। जिस परिवार में घर के बड़े बुजुर्ग साथ होते हैं, वह परिवार सदा आनंद से भरा रहता है।फादर बाबु ने अपने उद्ध्रोधन में बुजुर्गो को वाट वृक्ष की उपमा देते हुए उनकी छाव में परिवार की रक्षा बताया।

### जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में जानलेवा हमला

# ऑटो चालक को मारा चाकू, अस्पताल में इलाज के दौरान मौत, एक गंभीर घायल

जागरण, गुना। जिले के बमोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर गणेशपुरा के पास भूरा का चक में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया है। इस हमले में एक ऑटो चालक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर 3 बजे के आसपास पेशे से ऑटो चालक गोविंद लोधा अपने साथी रवि लोधा के गणेशपुरा से भूरा का चक्क साथ जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में मिले दो अज्ञात व्यक्तियों से उनका विवाद हो गया। देखते ही देखते आरोपियों ने ताबड़तोड़ चाकूबाजी कर दी। हमले में गोविंद लोधा और रवि लोधा दोनों बुरी तरह घायल हो गए।



घटना के तुरंत बाद घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने गोविंद लोधा को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल रवि लोधा का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बमोरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जिला अस्पताल पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घायल रवि लोधा का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किस बात को लेकर विवाद हुआ है। मृतक के परिवार वालों का कहना है कि जिन लोगों ने हमला किया है, वो आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं।एसडीओपी विवेक अष्ठाना ने बताया कि रवि लोधा मोटरसाइकिल से अपने गांव जा रहे थे। वहीं ऑटो चालक गोविंद लोधा सवारियों की तलाश में ऑटो लेकर जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना हुई है। बताया जा रहा है कि सहरिया समाज के दो युवक हैं, जिन्होंने चाकू से हमला किया है। गोविंद लोधा की मौत हो गई है। वहीं रवि लोधा का जिला अस्पताल ने इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवती, बच्ची और महिला पर लाठी से हमला

इधर शहर की सुदामा कॉलोनी में शाम के समय मंदिर में दीया जलाने जा रही तीन महिलाओं पर मोहल्ले के ही एक युवक द्वारा जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस अचानक हुए हमले में 20 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके सिर में गहरा घाव होने के कारण जिला अस्पताल में 7 से 8 टांके आए हैं। घटनाक्रम के अनुसार, पूनम शर्मा (20) अपनी 7 वर्षीय छोटी बहन सिद्धि शर्मा के साथ शाम करीब 7 बजे मंदिर में दीपक जलाने जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में मोहल्ले का ही रहने वाला कृष्णा कुशवाहा नाम का युवक अचानक वहां पहुंचा और बिना किसी कारण के हमला कर दिया। आरोप है कि कृष्णा कुशवाहा ने पूनम के सीने पर मुक्का मारा और फिर लाठी-डंडे से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे युवती का सिर फट गया और अत्यधिक खून बहने लगा। चीख-पुकार सुनकर जब पूनम की मां अपनी बेटियों को बचाने दौडक़र आईं, तो हमलावर ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे उनके सीने में गंभीर चोट आई है। इस दौरान 7 साल की मासूम ब'ची सिद्धि शर्मा को भी आरोपी ने निशाना बनाया, जिससे उसे भी चोटें आई हैं। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई और आक्रोशित रहवासी पीड़ित परिवार के साथ सिटी कोतवाली थाने पहुंचे। उन्होंने आरोपी के खिलाफ सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज कर तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी कृष्णा कुशवाहा आए दिन मोहल्ले में आतंक मचाता है और महिलाओं के साथ अभद्रता करता है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक से 315 बोर का कट्टा और बाइक जब्त

**गुना।** जिले की कुंभराज थाना पुलिस ने बाजार व्यवस्था के दौरान एक युवक को अवैध हथियार के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी बीच रास्ते में मोटरसाइकिल आड़ी खड़ी कर आम जनता को गालियां दे रहा था और हवा में कट्टा लहराकर दहशत फैला रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम जब बाजार व्यवस्था के दौरान गुरु महाराज मंदिर के पास पहुंची, तो वहां एक युवक बीच सडक़ पर मोटरसाइकिल खड़ी कर राहगीरों से गाली-गलौज करता दिखा। पुलिस ने घेराबंदी कर जब युवक को काबू में किया, तो उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। थाने लाकर जांच करने पर कट्टा 315 बोर का पाया गया। आरोपी से जब नाम-पता पूछा गया, तो उसने अपना नाम रामकुमार उर्फ राम मीणा (22) निवासी ग्राम सींगनपुर बताया। पुलिस ने मौके से 315 बोर का देशी कट्टा और घटना में प्रयुक्त बाईक जप्त कर लिया है।

# केंद्रीय विद्यालय के बच्चों की सुरक्षा को लेकर एसडीएम को दिया आवेदन

**जागरण, राघोगढ़।** केंद्रीय विद्यालय विजयपुर में अध्ययनरत छोटे बच्चों की सुरक्षा एवं सुविधा को लेकर अभिभावकों ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय की जनसुनवाई में आवेदन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। अभिभावकों ने बताया कि ख्वङ्करु प्रबंधन द्वारा बच्चों को लेकर आने वाले वाहनों को विद्यालय के गेट से करीब 500 मीटर पहले रोक दिया जाता है, जिससे छोटे बच्चों को पैदल विद्यालय तक जाना पड़ता है। संकरी सड़क, भारी वाहनों की आवाजाही और बारिश के दौरान कीचड़ व फिसलन के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। अभिभावकों ने यह भी सवाल उठाया कि उसी ख्वङ्करु परिसर में संचालित सत्य साईं विद्या विहार के बच्चों के वाहन विद्यालय के पास तक जा सकते हैं, तो केंद्रीय विद्यालय के बच्चों के साथ



अलग व्यवस्था क्यों? अभिभावकों ने एसडीएम से मांग की कि बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए वाहनों को विद्यालय के सुरक्षित स्थान तक जाने की अनुमति दी जाए तथा दोनों विद्यालयों के लिए लागू नियमों की निष्पक्ष जांच कर समान एवं सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# छेड़छाड़ और आपसी विवाद में खूनी संघर्ष, सपेरा बस्ती में दो पक्षों के बीच मारपीट, महिला समेत चार घायल, भर्ती

जागरण, गुना। शहर से लगे चिंताहरण मंदिर के सामने स्थित सपेरा बस्ती में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और खूनी संघर्ष की सनसनीखेज घटना सामने आई है। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में दोनों ही पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर अलग-अलग आरोप लगाए जा रहे हैं।घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बमोरी कॉलोनी निवासी घायल महिला राममूर्ति ने बताया कि वह अपनी बहन के घर आयोजित सगाई कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। राममूर्ति का आरोप है कि जब वह शौच के लिए जा रही थी, तभी दो-तीन युवकों ने रास्ते में आकर उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। पीड़िता ने तुरंत इस बात की जानकारी



अपने भाई दिनेश को दी। जब दिनेश ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों की इस हरकत का विरोध जताया, तो दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए चाकू, फर्सी और अन्य धारदार हथियारों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई राममूर्ति और उसकी बड़ी बहन पर भी आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठियों और हथियारों से हमला बोल दिया। हमले में राममूर्ति की बड़ी बहन के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि राममूर्ति चोट लगने के कारण मौके पर ही बेहोश हो गई। परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहीं, दूसरे पक्ष की महिला का कहना है कि परिवार के सदस्यों में ही जीजा और साले के बीच शराब के नशे में विवाद हुआ था। इस दौरान नशे की हालत में एक युवक का मोबाइल फूट गया था। मोबाइल सुधरवाने की बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जिसने देखते ही देखते उग्र रूप धारण कर लिया और मारपीट हो गई। इस वारदात में दोनों पक्षों के आधा दर्जन के करीब लोग घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर घायलों के बयान दर्ज किए हैं और पूरे मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है।

### भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधनः सजा राखियों का बाजार

# बच्चों को आकर्षित कर रहीं कार, बेबीडॉल की राखियां

**जागरण, गुना।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन 28 अगस्त को मनाया जाएगा। इसे लेकर शहर में राखी एवं गिफ्ट सेंटरों पर रौनक बढ़ गई है। राखी की दुकानों पर जमकर खरीदारी हो रही है, जिससे दुकानदारों में भी उत्साह है। शहर के हाट रोड से लेकर, रपटा, नीचला बाजार, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, बीजी रोड, कैंट आदि में राखियों की दुकानें सजी हुई है। रक्षाबंधन के त्योहार पर साड़ियां, बच्चों के कपड़े, राखी, सराफा और मिठाई का व्यवसाय प्रमुख रहता है। व्यापारियों ने इस बार बाजार में नई राखियां आई हैं। बच्चों के लिए खास तौर पर कार, बेबी डॉल के दृश्य और लेखनी से जुड़ी राखियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। शहर में रक्षाबंधन से लेकर जन्माष्टमी तक पर्व की धूम रहती है। इसी कारण शहर में राखी पर्व को लेकर फुटकर व्यापारियों ने शहर के मुख्य मार्ग पर राखियों की दुकानें सजाई हैं, जो जन्माष्टमी तक लगी रहेंगी।



व्यापारियों ने बताया कि अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली से मेरे प्यारे भैया-भाभी सहित त्रिशूल, महादेव और राम मॉडल की राखियां आई हैं। इसके अलावा उज्जैन महाकाल के बेल्ट, स्टोन राखी, जरी राखी, बुटी राखी, मेटल राखी, ऊनी राखी, रिंग राखी, रिंग डोरी, उप डोरी, बॉक्स राखी और कन्दौरे मटर राखी भी बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में 5 रुपये से लेकर 200 रुपये तक की राखियां मौजूद हैं।

### रक्षाबंधनः पुलिस जवानों की सूनी कलाइयों पर सजा बहनों का प्यार

इधर चांचौड़ा में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर कानून-व्यवस्था और सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाते हुए जो पुलिस जवान अपने घर नहीं पहुंच सके, उनकी सूनी कलाइयों पर नन्हीं बहनों के प्यार और स्नेह की राखी सजी। श्री स्वामी रामानंद बाल गोकुलम स्कूल, बीनागंज की प्री-प्राइमरी कक्षा की नन्हीं बालिकाएं रक्षाबंधन पर चांचौड़ा थाने पहुंचीं। बालिकाओं ने थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया सहित उपस्थित समस्त पुलिस स्टाफ की कलाइयों पर रक्षासूत्र बांधकर मिठाई खिलाई और उनके उज्वल भविष्य व दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नन्हीं बालिकाओं ने कहा कि पुलिसकर्मी सभी त्योहारों पर अपने परिवारों से दूर रहकर दिन-रात आमजन की सुरक्षा में तैनात रहते हैं।

# अकीदत और एहतराम के साथ मनाई ईद मिलादुन्नबी, निकाला जुलूस

**जागरण, गुना।** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के मुबारक मौके पर शहर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार अत्यंत उत्साह, उमंग, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस पावन अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें समाज के बुजुर्ग, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर पूरे शहर में जश्न का माहौल दिखाई दिया। त्योहार को लेकर विशेष रूप से शहर के मुख्य बाजारों, प्रमुख चौराहों, कॉलोनियों और मस्जिदों को आकर्षक लाइटों और रंग-बिरंगी रोशनी से दुल्हन की तरह सजाया गया था। रात के समय मुख्य बाजारों में की गई विद्युत सजावट और रोशनी शहरवासियों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इसके अलावा लोगों ने



अपने-अपने घरों में भी विशेष रोशनी और सजावट की। मुख्य जुलूस-ए-मोहम्मदी का आगाज पारंपरिक रूप से शहर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद से हुआ। इसके साथ ही शहर के अलग-अलग मोहल्लों और कॉलोनियों से भी आकर्षक जुलूस निकाले गए।

# 100 साल पुरानी इमारत को देखकर इंजीनियर हैरान

## सिर्फ दीवार पर 80 फीट ऊंचा भवन, अब सीमेंट कांक्रीट और फर्शी की डाली छत, 50 साल तक हिलेगी भी नहीं


**जागरण उज्जैन।** 100 साल पुराने कोठी पैलेस की इमारत में न कॉलम है न बीम फिर भी दीवारों पर ही यह खड़ी है और सीमेंट कॉन्क्रीट तथा फर्शी की नई छतें डालने के बाद भी आने वाले पचास साल तक हिलेगी भी नहीं।

ये हैरान करने वाली बात स्मार्ट सिटी के उपयंत्री प्रयाग जैन ने बताई है। वे कोठी पैलेस का जीर्णोद्धार कार्य अहमदाबाद (वडोदरा) की कंपनी उष्टा के माध्यम से कराया जा रहा है। खास बात यह है कि भवन में कोई नया निर्माण नहीं किया जा रहा, सिर्फ पुराने भवन को ही नया रूप दिया जा रहा है और इससे राजाओं के समय का वैभव लौट रहा। पूरी दीवारों का पेंट घिसकर साफ कर दिया गया है और पुराने कक्षों को बड़ा आकार दिया गया है।

वर्तमान में कोठी पैलेस के ऊपर बनी गुंबदों को भी नया स्वरूप दिया जा रहा है। कोठी पैलेस में फिलहाल आम लोगों को प्रवेश बंद कर दिया गया है। सभी को अनुमति के आधार पर ही प्रवेश दिया जा रहा है।







### बरसों पुरानी सागौन की लकड़ी आज भी नई से बेहतर

कोठी महल में बने कमरों की जो छतें सागौन की लकड़ी से बनी हैं, उनको यथावत रखा गया है और पेंट को साफ कर प्राचीन रूप दिया जा रहा है। ये आज भी नई से बेहतर दिखाई देने लगी हैं। फ्रंट में लगी ईंटों पर लगा पेंट भी निकाल दिया गया है, जिससे लुक एकदम हेरिटेज दिखाई दे रहा। ये ईंटें भी बरसों बाद नई जैसी हैं। इनका ट्रीटमेंट कर और अच्छा लुक दिया जा रहा है। पहले चरण में 25 करोड़ रुपयों से जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा। जनवरी 2027 तक यह पूरा होने की संभावना है। इसके पहले ही दूसरा चरण शुरू होगा।


### जहां बैठते थे कमिश्नर, वहां पुराने जमाने की गुप्त सीढ़ी निकल आई

कोठी पैलेस में एक गुप्त सीढ़ी भी सामने आई है। यह कमिश्नर ऑफिस के पास जहां निज सचिव बैठते थे, वहां से नीचे पोस्ट ऑफिस (अब शिफ्ट) के पास चैनल गेट के ठीक पास निकलती है। लकड़ी की इस सीढ़ी को भी नया लुक देकर आकर्षक बनाया जा रहा है।

### बनेगा दुनिया का पहला अनोखा वीर भारत संग्रहालय

कोठी पैलेस को दुनिया का पहला वीर भारत संग्रहालय बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में उज्जैन में यह पहला संग्रहालय बनाया जा रहा। मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी इसके न्यासी सचिव हैं। इस संग्रहालय में भारत के 30 से 40 हजार साल पुराने इतिहास को संजोया जाएगा। इसमें पूर्व वैदिक काल, रामायण-महाभारत काल, विक्रमादित्य युग और मध्यकाल से लेकर स्वतंत्रता संग्राम के महान वीरों, संतों, ऋषियों और वैज्ञानिकों की गाथाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके लिए कोठी पैलेस के पीछे स्थित दुकानों को भी हटाया जायेगा। हालांकि परिसर में अभी दुकानें स्थापित है।

### महाकाल के भक्तों के लिए तैयार हो रहा अंडरपास



630 मीटर लंबा, 20 मीटर चौड़ा और 7 मीटर गहरा होगा, इसका एक सिरा हरिफाटक पुल के पास और दूसरा नंदी द्वार के समीप खुलेगा।

## न्यूज कॉर्नर

### नर्मदा स्नान करने गए मैनेजर की डूबने से मौत



**जागरण उज्जैन।** ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान के दौरान उज्जैन निवासी आकाश रैकवार की डूबने से मौत हो गई। बुधवार को गोमुख घाट पर हुए हादसे के बाद स्थानीय लोगों और गोताखोरों ने आकाश को पानी से बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आकाश अपने साथी कुणाल गुर्जर के साथ ओंकारेश्वर गया था। दोनों उज्जैन के एक होटल में मैनेजर के रूप में काम करते थे। कुणाल के अनुसार, आकाश ने सुबह करीब 3 बजे ओंकारेश्वर जाने की बात कही थी। दोनों वहां पहुंचने के बाद गोमुख घाट पर नर्मदा स्नान करने गए। इसी दौरान आकाश गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसकी आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग और गोताखोर मदद के लिए पहुंचे और उसे बाहर निकाला।कुणाल के मुताबिक नाविकों और एसडीआरएफ जवान गणेश की मदद से आकाश को ममलेश्वर मंदिर क्षेत्र तक लाया गया। वहां से ऑटो के जरिए उसे सिविल अस्पताल ओंकारेश्वर पहुंचाया गया। कुणाल गुर्जर ने ओंकारेश्वर की आपातकालीन व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए। उसका आरोप है कि काशी विश्वनाथ मंदिर के रास्ते में पाइप लगे होने के कारण ऑटो को रास्ता बदलकर अस्पताल जाना पड़ा। इससे अस्पताल पहुंचने में समय लगा। कुणाल का कहना है कि यदि समय पर अस्पताल पहुंचाया जाता तो आकाश की जान बच सकती थी।

### अचानक जिला अस्पताल पहुंचे सीईओ



**जागरण उज्जैन।** जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं की हकीकत जानने के लिए जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट अचानक पहुंच गए। बिना पूर्व सूचना हुए निरीक्षण में उन्होंने ओपीडी से लेकर बर्थ वेटिंग रूम, आयुष विंग, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), लिफ्ट, ड्रेनेज और आइसोलेशन वार्ड तक का जायजा लिया। मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं से लेकर डॉक्टरों की मौजूदगी और दवा वितरण तक की व्यवस्थाएं परखी गईं। निरीक्षण का सबसे अहम फोकस तृतीय तिमाही की हाई-रिस्क गर्भवती महिलाएं रहीं। सीईओ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हाई-रिस्क गर्भवतियों की पहचान में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उनकी समय पर जांच, उपचार और लगातार मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि गंभीर स्थिति बनने से पहले जरूरी उपचार मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भटकना न पड़े।

# सिंहस्थ से पहले जिला अस्पताल का 'मेकओवर'

## सीसीटीवी की थर्ड पार्टी जांच; मरीजों के परिजनों के लिए बनेगा भोजन-विश्राम केंद्र



**जागरण उज्जैन। सिंहस्थ-2028 में उज्जैन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और मरीजों के संभावित दबाव को देखते हुए जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को बड़े स्तर पर मजबूत करने की तैयारी शुरू हो गई है। रोगी कल्याण समिति की बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने अस्पताल की व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की और कई अहम फैसलों पर मुहर लगाते हुए अधिकारियों को काम में तेजी के निर्देश दिए।**

सबसे बड़ा फैसला अस्पताल में चार नए बोरिंग करवाने का है। सिंहस्थ के दौरान मरीजों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर ने बीडीसी कंपनी से बोरिंग करवाने के निर्देश दिए, ताकि अस्पताल में पानी की कमी किसी भी स्थिति में परेशानी न बने।

### जांच के लिए भुगतान भी होगा आसान

एनआईसी भोपाल के ई-हॉस्पिटल सॉफ्टवेयर में टीएमटी, पीएफटी और ईको जांच के लिए राशि जमा करने का मॉड्यूल जल्द जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। इससे जांच प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित करने की तैयारी है। कलेक्टर ने वर्ष 2026-27 के अनुमानित और वर्ष 2025-26 के वास्तविक आय-व्यय को भी मंजूरी दी। साथ ही अस्पताल की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए नए आय स्रोत तलाशने के निर्देश दिए।

### कैंटीन के सामने बनेगा मरीजों के परिजनों का ठिकाना

नवीन टीन शेड कैंटीन के सामने खाली जगह अब बेकार नहीं रहेगी। इसे किसी संस्थान के सहयोग से विकसित कर मरीजों के परिजनों के भोजन और आराम की व्यवस्था की जाएगी। इससे दूर-दराज से आने वाले परिजनों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### सीसीटीवी पर भी कड़ी नजर

चरक भवन और अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की थर्ड पार्टी तकनीकी जांच कराई जाएगी। कैमरे सही तरीके से काम कर रहे हैं या नहीं, इसकी स्वतंत्र तकनीकी जांच के बाद जरूरी सुधार किए जाएंगे। अस्पताल की सुरक्षा को देखते हुए चरक भवन के पीछे की बाउंड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# महाकाल की सवारी में 'हाथ साफ' करने आईं इंदौर की चार महिलाएं

## पार्किंग में बना रही थीं चोरी का प्लान, सरिया-पेचकस और चाबियों का गुच्छा मिला



**जागरण उज्जैन।** बाबा महाकाल की सवारी में उमड़ने वाली भीड़ जहां श्रद्धालुओं के लिए आस्था का सैलाब होती है, वहीं चोर गिरोहों के लिए भीड़ की आड़ में कमाई का मौका बन जाती है। इसी मंशा से इंदौर से उज्जैन पहुंची चार महिलाओं की संदिग्ध गैंग को महाकाल पुलिस ने वारदात से पहले ही पकड़ लिया। महिलाएं पार्किंग में खड़ी गाड़ियों के आसपास घूमते हुए चोरी की योजना बना रही थीं। पुलिस ने इनके पास से सरिया, पेचकस और चाबियों का गुच्छा बरामद किया है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल के मुताबिक पुलिस टीम को पार्किंग क्षेत्र में चार महिलाओं की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। निगरानी के बाद उन्हें पकड़ा गया। पूछताछ और तलाशी में उनके पास चोरी में इस्तेमाल किए जा सकने वाले औजार मिले।

### पहली सवारी में भी पकड़ी गईं थीं महिलाएं

*महाकाल क्षेत्र में सावन के दौरान महिला चोर गिरोह की सक्रियता पहले भी सामने आ चुकी है। सावन की पहली सवारी में महाकाल पुलिस ने आधा दर्जन महिलाओं को पकड़ा था, जिन्हें बाद में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार हर सोमवार सवारी के दौरान बाहर से आने वाले चोर गिरोह भीड़ में सक्रिय हो जाते हैं। इस बार चार महिलाओं को वारदात से पहले पकड़कर पुलिस ने संभावित चोरी पर ब्रेक लगा दिया है। अब पूछताछ से पता चलेगा कि ये चारों सिर्फ छोटी गैंग थीं या इनके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क भी काम कर रहा है।*

# एथेनॉल और महंगाई पर कांग्रेस का हल्लाबोल



**जागरण उज्जैन।** बढ़ती महंगाई, पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण, शक्कर के बढ़ते दाम और भारी बिजली बिलों के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में शास्त्रीनगर और इंदिरानगर ब्लॉक कांग्रेस ने अलग-अलग क्षेत्रों से पैदल मार्च निकालकर केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया।

शास्त्रीनगर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. बबलू खींची के नेतृत्व में जयसिंहपुरा जैन मंदिर से राजीव रत्न तक मार्च निकाला गया। इसके बाद हुई सभा में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, वीनू कुशवाहा, देवव्रत यादव, चंद्रभान सिंह चंदेल, अभिषेक लाला और संचित शर्मा ने महंगाई को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

इंदिरानगर ब्लॉक अध्यक्ष आनंद मीणा के नेतृत्व में आगर रोड से निकला मार्च हिंदुस्तान पेट्रोलियम पंप पहुंचा, जहां धरना दिया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण से वाहनों को नुकसान हो रहा है, जबकि गन्ने का एथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल बढ़ने से शक्कर के दाम प्रभावित हो रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री और केंद्रीय परिवहन मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की गई।

# नंदी हॉल की बैरिकेडिंग तोड़ी, दान पेटियां फेंकीं, सुरक्षाकर्मियों से मारपीट

**जागरण उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर में बुधवार दोपहर कुछ उपद्रवी और असामाजिक तत्वों ने सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए जमकर हंगामा किया। नंदी हॉल की बैरिकेडिंग तोड़ दी गई, व्यवस्थात्मक अवरोधों को क्षतिग्रस्त किया गया और दान पेटियों को इधर-उधर फेंकते हुए गर्भगृह में अनधिकृत प्रवेश का प्रयास किया गया। सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों ने रोकने की कोशिश की तो उनके साथ हाथापाई और मारपीट कर दी गई। घटना में सुरक्षाकर्मियों को चोटें आई हैं।**

घटना के बाद मंदिर परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई। मंदिर प्रबंध समिति ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मंदिर समिति ने दी सख्त चेतावनी

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने स्पष्ट किया है कि धार्मिक आस्था की आड़ में मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था से छेड़छाड़, बैरिकेडिंग तोड़ना, मंदिर संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, सुरक्षाकर्मियों से मारपीट अथवा निर्धारित दर्शन व्यवस्था का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। समिति ने कहा कि घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



### श्रद्धालुओं की सुरक्षा भी खतरे में डाली

उपद्रवियों ने केवल मंदिर की व्यवस्थाओं को ही नुकसान नहीं पहुंचाया, बल्कि उस समय मौजूद श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भी गंभीर स्थिति पैदा कर दी। बैरिकेडिंग तोड़ने और निर्धारित व्यवस्था को बाधित करने के बाद गर्भगृह में प्रवेश का प्रयास किया गया। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो विवाद मारपीट तक पहुंच गया।

### श्रद्धालुओं से व्यवस्था बनाए रखने की अपील

मंदिर प्रबंध समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित मार्ग और नियमों का पालन करें तथा मंदिर की सुरक्षा और दर्शन व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। समिति ने साफ किया कि महाकाल मंदिर में व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ अब सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

**लोकार्पण** | आयुर्वेद कॉलेज में नए लुक और नई टेक्नोलॉजी की लैब का भी करेंगे लोकार्पण

# 3 करोड़ का गंधर्व उद्यान 3 माह से तैयार, आज लोकार्पण




**जागरण उज्जैन। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 3 करोड़ रुपयों से बना गंधर्व उद्यान पिछले तीन माह से तैयार होकर अपने लोकार्पण की राह देख रहा था, गुरुवार को प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार इसका विधिवत लोकार्पण करेंगे। हालांकि क्षेत्रीय लोगों ने इसका उपयोग शुरू कर दिया है और सुबह शाम की सैर भी करने लगे हैं।**

आगर रोड पर इंदिरानगर स्थित गंधर्व तालाब का निर्माण नगर निगम द्वारा किया गया है। इसके चारों ओर 900 मीटर की लंबाई का पैदल पथ है और बीच में तालाब। एक तरफ योग शेड भी बनाया गया है। पार्षद दिलीप परमार ने गुरुवार को लोकार्पण समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। इससे क्षेत्र के लोगों को सुबह शाम की सैर और बैठने के लिए एक अच्छा स्थान उपलब्ध हो गया है। समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इसका लोकार्पण किया जाएगा। जरूरत है अब पाथ वे के ऊपर शेड बनाने की, ताकि लोग बारिश में भी अपनी सैर नियमित रूप से कर सकें

### 1 करोड़ रुपए पुरुषोत्तम सागर पर कर दिए खर्च

इंदिरानगर क्षेत्र में ही च्यवनेश्वर महादेव मंदिर के सामने बने पुरुषोत्तम सागर पर भी निगम ने 1 करोड़ रुपए खर्च कर जीर्णोद्धार कार्य कराए हैं। मंत्री परमार इसका भी लोकार्पण करेंगे।

### 2 बेडमिंटन कोर्ट की भी मिलेगी सौगात

मंत्री परमार तालाब लोकार्पण के बाद मंगलनाथ मंदिर मार्ग स्थित आयुर्वेद कॉलेज में 2 नवनिर्मित बैडमिंटन कोर्ट, एक म्यूजियम, दो लेब, एक फिजियोथैरेपी लेब का भी लोकार्पण करेंगे। इस दौरान प्राचार्य ओपी व्यास सहित, डॉ. प्रकाश जोशी, डॉ. योगेश वाने, डॉ. रामतीर्थ शर्मा आदि मौजूद रहेंगे।

### आयुर्वेद कॉलेज को पांच नए कोर्स की मिली मान्यता

आयुर्वेद कॉलेज को भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय अयोग से पांच नए पीजी कोर्सेस की मान्यता भी मिल गई है। प्राचार्य डॉ. ओपी व्यास के अनुसार इसमें पंचकर्म एवं प्रसूति स्त्री रोग की 3, 3, रचना शरीर की 2 काय चिकित्सा की 3, स्त्री प्रसूति, द्रव्य गुण विज्ञान की 4 सीटें शामिल हैं।

### मंत्री का कार्यक्रम

सुबह 11 बजे- वार्ड क्रमांक 5 स्थित गंधर्व तालाब के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

दोपहर 12:30 बजे-धनवंतरी आयुर्वेद कॉलेज के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# मंगलनाथ मंदिर का पुराना गेट होगा बंद

**जागरण उज्जैन।** मंगल ग्रह से होने वाली पीड़ा के निवारण के लिए देशभर में प्रसिद्ध मंगलनाथ मंदिर का पुराना गेट अब बंद करने की तैयारी शुरू हो गई है। गेट के पास टीन शेड लगाकर इसका काम शुरू कर दिया गया है। सिंहस्थ के लिए मंदिर का विस्तार और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को उज्जैन विकास प्राधिकरण ने उत्तेश्वर महादेव मंदिर की दीवार को तोड दिया है। साथ ही इससे लगी दुकानें हटाकर मंदिर के लिए अलग से रास्ता बना दिया। जल्द ही मंदिर विस्तारीकरण कार्य जोरशोर से शुरू किया जाएगा। संभवतः गुरूवार से पुराना गेट (दक्षिण दिशा) बंद कर दिया जायेगा।



### शहर का थर्मामीटर

अधिकतम 28.5 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री
वर्षा 612 एमएम

### जागरण से जुड़िए

आप अब दैनिक जागरण से सीधे जुड़ सकते हैं। अपनी संस्था या कार्यक्रम के समाचार व्हाट्सएप मोबाइल नंबर 9425379389 9826170040 8962211001 अथवा ईमेल jagranofficeujjain@gmail.com पर भेज सकते हैं। आप चाहें तो शहर की किसी भी समस्या अथवा रोचक फोटो भी भेज सकते हैं।

## न्यूज कार्नर

### ईद जुलूस में तेज डीजे से कांग्रेस पार्षद को आया हटैक, मौत

**जागरण,रतलाम।** ईद-ए-मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर शहर में मुस्लिम समुदाय द्वारा निकाले जा रहे जुलूस के दौरान एक दुखद घटना सामने आई है। कुरैशी मंडी निवासी और क्षेत्र के कांग्रेस पार्षद नासिर कुरैशी की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक (हृदयाघात) बताया है। जानकारी के अनुसार, ईद-ए-मिलादुन्नबी का जुलूस आबकारी चौराहे से शुरू होकर मुख्य बाजार और पैलेस रोड से होते हुए शेरानी पुरा की ओर बढ़ रहा था। इसी दौरान जुलूस में शामिल वरिष्ठ पार्षद नासिर कुरैशी को अचानक सीने में तेज दर्द महसूस हुआ और उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन और आसपास मौजूद लोग उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### श्रावणी उपाकर्म का आयोजन

**रतलाम।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा श्रावणी उपाकर्म का आयोजन गंगा आश्रम, सागोद रोड पर किया जाएगा। संयोजक पुष्पेन्द्र जोशी ने बताया कि उपाकर्म निर्वानी अखाड़ा प्रमुख परम पूज्य स्वामी महामण्डलेश्वर 1008 श्री श्री विशोका नंद सरस्वती जी के सानिध्य में रक्षा बंधन दिनांक 28 अगस्त, शुक्रवार को प्रातः 07 बजे से गंगा आश्रम, जे एम डी पैलेस के पास, सागोद रोड, रतलाम पर प्रारंभ होगा, जो दशविध स्नान, नवीन जनेऊ धारण, तर्पण, हवन के साथ संपन्न होगा। साथ ही स्वामी जी का जन्मदिन उनके स्वागत, अभिनंदन एवं मिठाई वितरण कर हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। सर्व ब्राह्मण समाज के पं रामचंद्र शर्मा, जगदीश उपाध्याय, सर्व ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष नरेंद्र जोशी, शैलेन्द्र तिवारी, सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष प्रवीण उपाध्याय, परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग लोखंडे, अजय तिवारी, परशुराम युवा मंच के गौरव त्रिपाठी, गायत्री परिवार के पातीराम शर्मा, डॉ आई पी त्रिवेदी, सनातन सोशल ग्रुप के संयोजक मुन्ना लाल शर्मा, सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष अनिल झालानी, जांगिड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जनक नागल ने कि बड़ी संख में शामिल होने का अनुरोध किया।

# गौशाला तोड़ने पर संतों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**संतों ने कहा-पंचायत या प्रशासन रख लेता गौशाला, निर्माण ध्वस्त कर धार्मिक कार्य के पैसों को मिट्टी में मिलाया**




**जागरण,रतलाम।** ग्राम रत्तागढ़खेड़ा में गौशाला तोड़ने को लेकर अब विवाद बढ़ गया है। इस मामले में अब संत समाज ने आंदोलन की चेतावनी दी है। संतो ने कहा अगर अतिक्रमण था तो इतने सालो तक प्रशासन क्यों आखें मुंदे रहा।

महामंडलेश्वर आंनदगिरीजी और पंचदशनाम अखाड़े के नरेन्द्रगिरीजी ने प्रेसवार्ता कर कर कहा कि अतिक्रमण के हम भी खिलाफ है लेकिन रत्तागढ़ खेड़ा में एक गौशाला नही तोड़ी गई बल्कि सनातन पर भी हमला किया गया है। जनता की पाई पाई जोड़ी गई राशि से जो निर्माण हुआ उसे मिट्टी में मिला दिया गया।

महामंडलेश्वर आंनदगिरी जी ने कहा कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से कुछ अराजक तत्वों ने लोगो को भड़काया है। इसके बाद गौमाता के लिए चल रहे गौअभ्यारण और आश्रम के संत गोकर्ण को बदनाम करने की साजिश की गई।

संतो ने कहा इसे ध्वस्त करने के बजाय इसे ग्राम पंचायत या प्रशासन अपने कब्जे में ले सकते थे। इस संपत्ति को अन्य किसी संस्था को देकर गौशाला का संचालन सुचारू किया जा सकता था।

**ग्रामवासी खुद लेकर आए थे:** संतो ने कहा जिस जगह गौशाला का संचालन कर रहे थे, उस वो जगह वीरान थी, गंदगी और गड्ढो से भरी पड़ी थी। ग्रामवासी खुद गोकर्ण महाराज को लेकर आए। गोकर्णजी ने उस जगह को समतल, व्यवस्थित, और चेतन्य बनाया। वहां पर गौमाता का पालन पोषण हो रहा था। ग्राम पंचायत ने बाकायदा ग्राम सभा में वर्ष 2025 में गौशाला के संचालन पर कोई आपत्ति नही होने का प्रस्ताव पारित कर चुकी थी। उल्लेखनीय है कि कुछ ग्रामीणों की शिकायत के बाद यहां चल रही गौशाला के बाद प्रशासन ने मंगलवार को गौशाला को धराशायी कर दिया और यहां की गायो को बिरमावल में शिफ्ट कर दिया। संतो ने कहा अगर गुलाब गोकर्ण महाराज का कोई दुर्व्यसन है तो सबूत प्रस्तुत करे। हम उनका साथ नहीं देगें लेकिन कुछ अपराधी किस्म के लोग ग्रामीणों को भड़का कर सनातन धर्म के प्रकल्पों को निशाना बना रहे।

**2011 से चल रही थी गौशाला:** संतो ने आरोप लगाया और कहा 2011 से गौशाला चल रही थी। इसके बाद से यहां कोई दिक्कत नही थी लेकिन कुछ ऐसे लोग जो यहां कब्जा करना चाहते है। कुछ लोग तो ऐसे है जिन्होने खुद सरकारी जमीन पर कब्जा कर खेती कर रहे है। जो गौशाला चल रही थी वो गोचर भूमि पर 15 सालों से चल रही थी। 15 सालों में कोई नोटिस नहीं दिया, जबकि अब चार महिने पहले नोटिस देने की कार्यवाही फिर अभी तोड़ने की कार्यवाही की गई। संतों ने कहा प्रशासन, नेताओ ने समन्वय के प्रयास नही किए और एकतरफा कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है ग्रामीणो ने अतिक्रमण की शिकायत कर गौशाला हटाने की मांग की थी।

**अब आगे क्या करेगें:** आंनदगिरीजी और नरेन्द्रगिरीजी ने कहा रतलाम में जल्दी ही संत सम्मेलन होगा और उसके बाद बड़ा आंदोलन किया जाएगा। रत्तागढ़खेड़ा सहित जिले भर की गोचर भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने, संतो की सुरक्षा के लिए सरकार से मांग करेगें। अगर सरकार के इस राज में संत दुखी होगें तो फिर राजसत्ता का अंत निश्चित है। प्रेसवार्ता में गोकर्ण महाराज सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



# रात में झमाझम, 1 इंच बारिश दर्ज

**जागरण,रतलाम।** जिले में मंगलवार रात जोरदार बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। कई क्षेत्रों में रातभर हुई तेज बारिश के बाद बुधवार सुबह तक जिले में औसतन 25.63 मिमी यानी करीब 1.01 इंच वर्षा दर्ज की गई।

जिले में लंबी खेंच के बाद बारिश दर्ज की गई। बारिश से फसलों को नया जीवन मिल गया है।पिछले 24 घंटे में रतलाम शहर में 34 मिमी यानी 1.34 इंच बारिश हुई। वहीं पिपलौदा में 30 मिमी यानी 1.18 इंच, जावरा में 76 मिमी यानी करीब 2.99 इंच, आलोट में 19 मिमी यानी 0.75 इंच, ताल में 15 मिमी यानी 0.59 इंच, रावटी में 16 मिमी यानी 0.63 इंच और सैलाना में 15 मिमी यानी 0.59 इंच बारिश दर्ज की गई। बाजना में बारिश दर्ज नहीं हुई।

**किस क्षेत्र में कितनी बारिश:** रतलाम - अब तक 654 मिमी, यानी 25.75 इंच, पिपलौदा - 560 मिमी, यानी 22.05 इंच, जावरा - 551 मिमी, यानी 21.69 इंच, आलोट - 533 मिमी, यानी 20.98 इंच, सैलाना - 471 मिमी, यानी 18.54 इंच, ताल - 398 मिमी, यानी 15.67, बाजना - 327 मिमी, यानी 12.87 इंच, रावटी - 398 मिमी, यानी 15.67, जिले की सामान्य औसत वर्षा 918.3 मिमी यानी करीब 36.15 इंच मानी जाती है। ऐसे में मंगलवार रात की जोरदार बारिश से आंकड़ों में जरूर सुधार हुआ है, लेकिन अब भी जिले को सामान्य वर्षा के आंकड़े तक पहुंचने के लिए अच्छी बारिश की जरूरत है।



### त्योहारों से पहले खाद्य पदार्थों की हो रही सघन जांच

**जागरण,रतलाम/सैलाना।** रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य पदार्थों की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सैलाना एवं रतलाम शहर के विभिन्न मिष्ठान एवं खाद्य प्रतिष्ठानों से मावा, मिठाई, नमकीन, घी एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। सैलाना में जोधपुर मिष्ठान भंडार, परमार कचौड़ी, रंजित नमकीन एवं मिष्ठान भंडार तथा श्री होरी पैलेस से नमूने लिए गए। वहीं रतलाम शहर में भी विभिन्न प्रतिष्ठानों से मावा, मिठाई, नमकीन, घी एवं मक्खन के नमूने लिए गए। ब्लिंक कॉमर्स से पूजा के घी के नाम पर बिक रहे नवीन पूजा घी, अनुपम पूजा घी एवं दर्शन पूजा घी के नमूने भी लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रीति मंडोरिया ने बताया कि सभी नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट में नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में होगा आयोजन

**जागरण,रतलाम।** प्रत्येक शुक्रवार को 'मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम' के तहत आयोजित किये जा रहे शिविरों के तहत 29 अगस्त को अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में शिविर का आयोजन होगा। उक्त दिवस को मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वितीय जनविश्वास दौरा बालाघाट जिले में किया जाना है। अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में 29 अगस्त शनिवार को आयोजित शिविर में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री म.प्र. शासन माननीय चेतन्य काश्यप, जिले के विधायकगण, महापौर प्रहलाद पटेल, जिला कलेक्टर, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण, नगर पालिक निगम रतलम व विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# कलेक्टर ने मेगा इंडस्ट्रियल पार्क में जापान-चीन की आधुनिक रोबोटिक मशीनों का लिया जायजा



**जागरण,रतलाम।** कलेक्टर अजय कटेसरिया ने मेगा इंडस्ट्रियल पार्क का भ्रमण कर जापान और चीन की आधुनिक रोबोटिक मशीनों का जायजा लिया। उन्होंने इन मशीनों की कार्यप्रणाली एवं उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

आधुनिक रोबोटिक तकनीक से विभिन्न फिटिंग एवं औद्योगिक कार्यों को अधिक दक्षता और सटीकता से किया जा रहा है।

रतलाम जिले में औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में विकसित किए जा रहे लगभग 1,466.679 हेक्टेयर क्षेत्रफल के मेगा इंडस्ट्रियल पार्क/स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप में औद्योगिक गतिविधियों और अधोसंरचना विकास कार्यों ने गति पकड़ी है। इस दौरान मध्य प्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन उज्जैन के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ भी उपस्थित रहे।

रतलाम जिले के जामथून, बिबड़ौद, जुलवानिया, पलसोड़ी, रामपुरिया एवं सरवानी खुर्द सहित 6 ग्रामों में विकसित किए जा रहे इस महत्वपूर्ण औद्योगिक निवेश क्षेत्र का उद्देश्य आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना तैयार कर बड़े निवेश को आकर्षित करना, नए उद्योगों को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर सृजित करना है।

## नगर के समस्त व्यापारी संगठनों ने जनसुनवाई में दिया ज्ञापन



**जागरण नागदा।** 25 अगस्त मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एक ज्ञापन देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम किराना व्यापारी संघ के तत्वावधान में नगर के समस्त व्यापारी संगठनों के साथ स्थानीय विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान एवं स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी महोदया रंजना पाटीदार को प्रेषित किया गया।

जिसमें तोल काँटा परीक्षण शुल्क पिछले सालों की अपेक्षा तीन गुना किए जाने एवं जुर्माना राशि 2500 से बढ़ाकर 1 लाख तक किए जाने के सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के विरोध में दिया गया बढ़ाए गए शुल्क को वापस लेने की अपील शासन से की गई किराना व्यापारी संघ के मुख्य संयोजक मनोज राठी अध्यक्ष मनीष जैन सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन से कमलेश नागदा सब्जी विक्रेता संघ से निरज सोनी ने अपने व्यक्तव्य में बताया की महंगाई के इस दौर में अतिरिक्त भार अगर व्यापार व्यवसाय पर आएगा तो उसका भुगतान भी कहीं ना कहीं आम जनता को करना पड़ेगा तो आमजन पर और महंगाई का असर ना पड़े एसी अपील शासन प्रशासन से ज्ञापन के माध्यम से की गई विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान ने भी व्यापारी वर्ग को आश्वस्त किया है कि संबंधित विभाग में चर्चा कर उक्त निर्णय पर पुनः विचार विमर्श कर संशोधन हेतु चर्चा की जायेगी।

# 26 वर्षों से चली आ रही परंपरा, देव धाम मवड़ी होड़ा में विशाल भंडारा 2 सितंबर को



**जागरण तराना।** धर्म और आस्था की पावन परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाते हुए सावन माह में पिछले 26 वर्षों से आयोजित होने वाले रामायण पाठ एवं रामधुन के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

यह धार्मिक आयोजन प्रसिद्ध देवस्थान देव धाम मवड़ी होड़ा, ग्राम नाग गुराडिया गुर्जर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न होगा।

आयोजको के अनुसार बुधवार, 2 सितंबर 2026 को तिथि छठ के अवसर पर प्रातः 10 बजे से श्रद्धालुओं के आगमन तक विशाल भंडारे का आयोजन रहेगा।

इस दौरान क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु देव धाम पहुंचकर भगवान के दर्शन करेंगे और महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

**आस्था और सेवा का अनूठा संगम**

26 वर्षों से चली आ रही यह धार्मिक परंपरा क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। रामायण पाठ एवं रामधुन के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बनाया जाता है, वहीं विशाल भंडारे में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को प्रेमपूर्वक प्रसादी वितरित की जाती है।

आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं, माताओं-बहनों एवं श्रद्धालु भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में देव धाम मवड़ी होड़ा पहुंचकर महाप्रसादी का लाभ लेने का आग्रह किया है।

# ९4 देशों की प्रविष्टियों में परिवार और वॉइस ऑफ सेप की हितार्थ परियोजना का चयन

**जीरो प्रोजेक्ट अवॉर्ड्स 2027 की वैश्विक शॉर्टलिस्ट में हुई शामिल**

**जागरण नागदा।** दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं समावेशी विकास के क्षेत्र में भारत के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि बौद्धिक दिव्यांगजनों के अभिभावकों के संगठन के विश्व के सबसे बड़े महासंघ परिवार और वोईस ऑफ़ स्पेशल एबल्ड पीपल के सयुंक्त प्रयासों से प्रारंभ अभिनव पहल हितार्थ परियोजना का चयन प्रतिष्ठित जीरो प्रोजेक्ट की वैश्विक शॉर्टलिस्ट में हुआ है।

परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लायंस ऑफ़ नागदा की स्थाई परियोजना स्नेह के संस्थापक लायन डॉ पंकज मारू ने बताया कि ज़ीरो प्रोजेक्ट एक वैश्विक एवं शोध-आधारित पहल है, जिसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र दिव्यांगजन अधिकार अभिसमय के प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा देते हुए दिव्यांगजनों के सामने आने वाली बाधाओं को दूर करने वाले नवोन्मेषी समाधानों की खोज, पहचान और उन्हें विश्वभर में साझा करना है । ऑस्ट्रिया स्थित ज़ीरो प्रोजेक्ट द्वारा भेजी गई आधिकारिक सूचना के अनुसार, इस वर्ष 94 देशों से प्राप्त 615 नामांकनों में से हितार्थ परियोजना ने प्रथम चरण की वैश्विक विशेषज्ञ समीक्षा सफलतापूर्वक पार करते हुए शॉर्टलिस्ट में स्थान बनाया है। यह चयन विश्वभर के दिव्यांगता समावेशन विशेषज्ञों द्वारा किए गए स्वतंत्र मूल्यांकन के आधार पर किया गया है। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय, वियना (ऑस्ट्रिया) में 10 से 12 फरवरी 2027 को आयोजित होने वाले ज़ीरो प्रोजेक्ट वैश्विक अधिवेशन में हितार्थ परियोजना पर प्रेजेंटेशन दिया जावेगा 7

हितार्थ परियोजना भारत की प्रथम कम्युनिटी नेविगेटर मॉडल है, जो प्रशिक्षित हितार्थ सहायकों के माध्यम से बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांगजनों को भारत सरकार के राष्ट्रीय न्यास द्वारा चलायी जा रही निरामया स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ने का कार्य करती है।

वोईस ऑफ़ स्पेशल एबल्ड पीपल के संस्थापक प्रणव देसाई ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि भारत के दिव्यांगता क्षेत्र के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण पहचान है और इससे देश में विकसित समुदाय-आधारित दिव्यांग समावेशन नवाचारों को वैश्विक मंच पर नई स्वीकार्यता मिलेगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर लायंस क्लब अन्तर्राष्ट्रीय फाउंडेशन के चेयरमैन लायन ए पी सिंह, परिवार के कार्यकारिणी सदस्यों, स्नेह प्रबंधन समिति के सदस्यों, लायंस एवं लियोस ऑफ़ नागदा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश गेहलोत, उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने बधाई प्रेषित की है।

**अवैध कार्य** | **जिला पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा के निर्देशन में प्रभावी कार्रवाई**

# थाना बिरलाग्राम पुलिस ने पकड़ा 19 हजार रुपए का जुआ

**जागरण नागदा। 24 अगस्त की रात्रि करीब 11:00 बजे मुखबिर की सूचना पर 12 आरोपीगण के कब्जे से 21,300 रुपये का जुआँ पकड़ा ।थाना बिरलाग्राम पर आरोपी गण के विरुद्ध धारा 13 जुआँ एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध शराब , जुआँ ,सट्टा एवं अवैध गतिविधियों की धरपकड़ की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था।**



उसी तारतम्य में प्रदीप कुमार शर्मा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा करणदीप (भा.पु.से.) अति.पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण) एवं विक्रम अहिरवार (भा.पु.से.) नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना बिरलाग्राम उनि जितेन्द्र पाटीदार द्वारा रात्रि करीब 11= 00 बजे मुखबिर की सूचना द्वारा बताएं स्थान अनिल भाटिया के घर के पीछे बनी टापरी अशोक कॉलोनी बिरलाग्राम मे दबिश देकर 12 जुआरियो के कब्जे से कुल नगदी 21 हजार 300 रुपये एवं जुआँ सामग्री 52 ताश पत्ते जप्त किये गये है ।

आरोपी प्रवीण पिता जगदीश गहलोत उम्र 34 साल निवासी गवर्नमेंट कॉलोनी बिरलाग्राम, घनश्याम पिता शंकर लाल चौहान उम्र 33 साल निवासी गवर्नमेंट कॉलोनी शिवाजी स्कूल के पास बिरला ग्राम, दीपक पिता बाबूलाल चंदन उम्र 31 साल जाती बेरवा निवासी बीसीआई क्लब के पास बिरला ग्राम, भीम पिता नंदू प्रसाद साहनी उम्र 42 साल जाती मांझी निवासी सी ब्लॉक टॉपर बिरला ग्राम, निश्चय पिता भरत लाल की इग्यात्रा उम्र 27 साल निवासी जी ब्लॉक टपरी बिरलाग्राम, दिनेश पिता रामचंद्र परमार उम्र 27 साल जाति मालवीय निवासी सी ब्लॉक टापरी बिरलाग्राम , त्रिलोक पिता राजकुमार बोरासी उम्र 22 साल निवासी पासी आजादपुरा बिरला ग्राम, सुमित पिता विनोद साहनी उम्र 30 साल निवासी गवर्नमेंट कॉलोनी बिरलाग्राम, लोकेश पिता हीरालाल सावसिया उम्र 37 साल निवासी जी ब्लॉक टापरी बिरलाग्राम, रफीक पिता अब्दुल रशीद उम्र 58 साल निवासी गवर्नमेंट कॉलोनी बिरलाग्राम, अनिल पिता रंजीत भाटिया उम्र 49 साल निवासी गवर्नमेंट कॉलोनी बिरलाग्राम, मदन पिता बाबूलाल चंद्रवंशी उम्र 35 साल निवासी जबरन कॉलोनी बिरला ग्राम कार्यवाही में मुख्य भुमिका उनि जितेन्द्र पाटीदार थाना प्रभारी थाना बिरलाग्राम , उ.नि.शांतिलाल मौर्य,सउनि भुरिया मोहरे , सउनि दयाशंकर , प्रधान आरक्षक गोपाल चावला,आर.1271 संदीप यादव, आर.अर्पित कायस्थ ,आर. सौरभ, एवं नसुस सदस्य की रही।

### मारुति नंदन आश्रम रुपेटा रोड पर पौधरोपण किया



**जागरण नागदा।** पौधे लगाए तो बड़ा करने की जिम्मेदारी भी उठाएं सर्व प्रयास सामाजिक संस्था द्वारा पांचवें वर्ष भी मारुति नंदन आश्रम रुपेटा रोड पर पौधारोपण किया एवं उन्हें बड़ा करने का संकल्प भी लिया संस्थापक एवं अध्यक्ष ज्योति शर्मा बृजवासी द्वारा नगर वासियों से आवाहन किया कि जो भी संस्थाएं पौधे लगा रही है वह सभी उन्हें बड़ा होने तक ध्यान रखें तो ही हम पर्यावरण को सुरक्षित कर पाएंगे संस्था सदस्यों द्वारा जामफल पीपल अशोक नीम बरगद के 15 पौधे लगाए गए कार्यक्रम में विशेष सहयोग मंदिर पुजारी एवं समिति सदस्यों द्वारा किया गया कार्यक्रम अध्यक्ष ज्योति शर्मा बृजवासी उपाध्यक्ष अनुराधा गुर्जर सचिव सीमा ओझा कार्यकारिणी सदस्य किरण शर्मा राधा वर्मा एवं सदस्य रितिका शर्मा इशिता शर्मा उपस्थिति रही जानकारी मीडिया प्रभारी संगीता चौहान द्वारा दी गई।

## मोटर साइकिल चोरी का खुलासा, घटना में संलिप्त 1 बदमाश गिरफ्तार



**जागरण नागदा।** बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेंद्र पाटीदार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशानुसार, अति पुलिस अधीक्षक करणदीप सिंह एवं सीएसपी नागदा विक्रम अहिरवार के कुशल मार्गदर्शन मे पुलिस टीम के द्वारा मोटर सायकल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए लगभग कीमत 75000 हजार की मोटर सायकल बरामद कर 01 आरोपी को गिरफ्तार किया है ।

पुलिस के अनुसार सूचनाकर्ता प्रकाश चंद्रवंशी की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल घर के बाहर हैंडललॉक करके खड़ी कर रही थी जिसका नंबर स्क्ष्क्ष3्8631 है एक अज्ञात बदमाश घर के बाहर खड़ी गाड़ी को उठाकर ले गया था मोटरसाइकिल गोपाल नाम पर दर्ज हे वरिष्ठ अधिकारी के उचित मार्गदर्शन में घटना की प्रत्येक एंगल से विवेचना करते हुए पुलिस टीम के द्वारा घटना स्थल के आसपास के गांवों के वाहन चोरी के पूर्व के आरोपियों, संदेहीयों से पुछताछ की गई जिससे पता चला कि घटना को गांव के ही उमरावसिंह परमार पिता विक्रम सिंह जाति चन्द्रवशी उम्र 26 साल निवासी भाटीसुडा थाना बिरलाग्राम ने अंजाम दिया हैं । बाद आरोपी उमरासिंह परमार को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटर सायकल 75,000 किमती करीबन जप्त कर ली गई थाना प्रभारी बिरलाग्राम जितेन्द्र पाटीदार, उनि. शांतिलाल मोर्य, सउनि.भुरिया मोहरे , प्र.आर.789 गोपाल चावला, प्र.आर.443 नरेन्द्रसिंह सिसौदिया, प्र.आर.29 महेश परमाल, प्र.आर.1780 दिनेश मुनिया, नसुस टीम क्याा सराहनीय योगदान रहा।

## न्यूज कॉर्नर

### शिप्रा नदी में युवक के कूदने की आशंका

**जागरण उज्जैन।** मंगलनाथ मंदिर के समीप शिप्रा नदी के पुल पर बाइक खड़ी कर लापता हुए युवक की नदी में तलाश बुधवार को दिनभर जारी रही। पुलिस को आशंका है कि युवक ने पुल से नदी में छलांग लगाई है। होमगार्ड के गोताखोरों ने काफी देर तक नदी में सर्चिंग की, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार को भी तलाश अभियान चलाया जाएगा। पुलिस के अनुसार मंगलवार रात करीब 12 बजे एक युवक ने पुल पर बाइक खड़ी की थी। इसके बाद उसके नदी में कूदने की सूचना प्रत्यक्षदर्शी ने पुलिस को दी। चिमनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक को बरामद कर लिया। बाइक के नंबर के आधार पर लापता युवक की पहचान इंदिरा गांधी नगर, आगर रोड निवासी अंकित के रूप में हुई है।युवक के नदी में कूदने की आशंका को लेकर पुलिस और परिवार के बयानों में अंतर सामने आया है। परिवार का कहना है कि युवक नदी में नहीं कूदा है। वहीं पुलिस के अनुसार युवक अब तक घर नहीं पहुंचा है और पुल पर उसकी बाइक मिलने के कारण नदी में कूदने की आशंका को देखते हुए सर्चिंग कराई जा रही है।बुधवार को गोताखोरों ने शिप्रा नदी के विभिन्न हिस्सों में काफी देर तक तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस युवक के संबंध में अन्य जानकारी जुटा रही है। गुरुवार को एक बार फिर नदी में सर्चिंग अभियान चलाया जाएगा।

### ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस निकला

**जागरण उज्जैन।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मुबारक अवसर पर ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस शहर में धूमधाम और उत्साह के साथ निकाला गया। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया।इसी क्रम में तोपखाना क्षेत्र में पत्रकार दारा खान एवं खान परिवार द्वारा जुलूस का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों को फल एवं बिस्किट वितरित किए गए। खान परिवार द्वारा किए गए स्वागत से क्षेत्र में सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी देखने को मिला। जुलूस के दौरान लोगों ने ईद मिलाद-उन-नबी की मुबारकबाद दी और पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की शिक्षाओं को याद करते हुए अमन, भाईचारे एवं इंसानियत का संदेश दिया।

### अभिषेक अग्निहोत्री बने प्रदेश अध्यक्ष

**जागरण उज्जैन।**भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद ने शहर के नमक मंडी क्षेत्र निवासी अभिषेक अग्निहोत्री को राज्य शिकायत समिति मध्य प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने की है। अभिषेक अब सरकारी तंत्र में व्याप्त अनियमितताओं, कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिए कार्य करेंगे।परिषद के नियमानुसार उन्हें मानव अधिकार, नागरिक अधिकार, शिक्षा, बाल व महिला अधिकार और सूचना के अधिकार के संरक्षण का जिम्मा सौंपा गया है। बाल श्रम जैसी अवैध गतिविधियों की गोपनीय जांच कर केंद्र व राज्य सरकार और जिला प्रशासन को रिपोर्ट सौंपने के लिए अधिकृत किया गया है।

# सिंहस्थ की रोशनी में अब नहीं चलेगी ढिलाई, 7 दिन में तैयार होगा पूरा प्लान

## संभागायुक्त आशीष सिंह ने अफसरों को लगाई फटकार, सड़क-सीवरेज से लेकर घाटों तक काम में तेजी लाने के सख्त निर्देश

**जागरण उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में अब सुस्ती बर्दाश्त नहीं होगी। संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को काम की रफ्तार बढ़ाने के सख्त निर्देश दिए। सबसे पहले सिंहस्थ मेला क्षेत्र की अस्थाई लाइटिंग का पूरा खाका सात दिन में तैयार करने को कहा गया है।

संभागायुक्त ने स्पष्ट किया कि सिंहस्थ के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं की आवाजाही को देखते हुए मेला क्षेत्र में रोशनी केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि सुरक्षा और सुगम यातायात की बड़ी जरूरत है। इसलिए जरूरी स्थानों का चिन्हांकन कर व्यवस्थित प्रकाश व्यवस्था की कार्ययोजना तैयार की जाए।




### सड़कें हों या सीवरेज, अब काम की रफ्तार बढ़ानी होगी

समीक्षा बैठक में नगर निगम और उज्जैन विकास प्राधिकरण के सड़क चौड़ीकरण एवं निर्माण कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा हुई। संभागायुक्त ने गाड़ी अड्डा-बड़ी पुलिया, शांति नगर गेल इंडिया-नीलगंगा चौराहा और गदा पुलिया-रविशंकर नगर-लालपुल मार्गों के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को दो टूक कहा कि काम समय पर पूरा हो, लेकिन गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### घर-घर सीवरेज कनेक्शन की रफ्तार भी बढ़ेगी

सीवरेज प्रोजेक्ट के फेस-1 और फेस-3 की समीक्षा करते हुए संभागायुक्त ने हाउसहोल्ड कनेक्शन का काम और तेज करने को कहा। सिंहस्थ से पहले अधूरे कामों को पूरा करने के लिए विभागों को लगातार निगरानी और समन्वय के निर्देश दिए गए।

### घाट और धार्मिक स्थल भी समीक्षा के दायरे में

शिप्रा नदी के विभिन्न घाटों के नवीनीकरण और विकास कार्यों की भी समीक्षा हुई। अधिकारियों से चल रहे और प्रस्तावित कार्यों की प्रगति तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली गई। धार्मिक स्थलों पर उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से चल रहे विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों को भी तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अपर आयुक्त संतोष टैगोर, यूडीए सीईओ संदीप सोनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### देश में फिर अपनानी होगी गुरुकुल परंपरा

**जागरण उज्जैन।** श्री श्याम बालाजी धाम में संचालित गुरुकुल के नए सत्र के प्रारंभ पर 40 बटुक विद्यार्थियों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुआ। पालकों की उपस्थिति में यज्ञ, हवन, पूजन और हिमाद्री स्नान के साथ यह अनुष्ठान किया गया।इस अवसर पर श्री श्याम बालाजी धाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी भागवतानंद गिरि भगवान बापूजी ने शिक्षा प्रणाली पर जोर देते हुए कहा कि आज मैकाले की शिक्षा पद्धति से हटकर गुरुकुल शिक्षा पद्धति को पुनः लागू करने की आवश्यकता है। गुरुकुल में ही विद्यार्थियों के भीतर भारतीय संस्कार, संस्कृति और भारत माता के प्रति अटूट श्रद्धा का निर्माण किया जा सकता है।उन्होंने उज्जैन के प्राचीन गौरव का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान महाकाल की यह नगरी अनादि काल से गुरुजनों की तपोभूमि रही है। यहां पूज्य महर्षि सांदीपनि जैसे महान गुरु रहे हैं, जिनके आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भाई बलराम और मित्र सुदामा के साथ रहकर मात्र 64 दिन में 64 कलाओं का अध्ययन किया था।अपने उद्बोधन में स्वामी जी ने उपस्थित भक्तों को आगामी सिंहस्थ कुंभ में आने का आमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं, जिसके चलते इस बार का कुंभ बहुत विशेष और भव्य होगा।

40 साल की वेद साधना का उत्सव, उज्जैन में गूंजे वैदिक मंत्र

### महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान का तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह शुरू



**जागरण उज्जैन।** चिंतामण मार्ग स्थित महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान का 40वां स्थापना दिवस समारोह बुधवार को वैदिक मंगलाचरण और 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन के साथ शुरू हुआ। 26 से 28 अगस्त तक चलने वाले समारोह में देशभर से वैदिक विद्वान, आचार्य और वेद विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। 1987 में नई दिल्ली में स्थापित और 1993 में उज्जैन स्थानांतरित प्रतिष्ठान वेदों की मौखिक परंपरा के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के लिए कार्य कर रहा है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. केदार नारायण जोशी, कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र, प्रो. शैलेन्द्र शर्मा और शिक्षा मंत्रालय के उप सचिव श्रेयांश मोहन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि प्रो. जोशी ने वेदों को भारतीय ज्ञान परंपरा का अक्षय भंडार बताते हुए वेद पाठशालाओं और गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण पर जोर दिया। उप सचिव श्रेयांश मोहन ने 'आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः' का उल्लेख करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को उदार और समावेशी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को 'विकसित भारत 2047' के संकल्प के अनुरूप आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।प्रतिष्ठान के सचिव प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल ने 40 वर्षों की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए वेदविद्या की परंपरा को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया।वेद विद्यार्थियों ने दिखाई स्मरणशक्ति समारोह के तहत चतुर्वेद मन्त्रान्यासाक्षरी स्पर्धा आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न वेद पाठशालाओं और गुरु-शिष्य परंपरा इकाइयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने वेद मंत्रों के शुद्ध उच्चारण और स्मरणशक्ति का प्रदर्शन किया।

### शहीद अमृता देवी की स्मृति में नौलखी दुग्ध संघ केंद्र पर रोपे पौधे

**उज्जैन।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध पर्यावरण मंच ने शहीद अमृता देवी की स्मृति में नौलखी स्थित दुग्ध संघ डेयरी के प्रशिक्षण केंद्र पर पौधारोपण किया। इस दौरान परिसर में आम, शहतूत, शमी, करंज, अमरूद, मीठी नीम, गुड़हल और जामुन सहित अन्य प्रजातियों के पौधे रोपे गए।

पर्यावरण मंच की जिला संयोजिका प्रेरणा मेहता ने अतिथियों का स्वागत कर 1730 में वृक्षों की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाली अमृता देवी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। भामसं के विभाग प्रमुख सतीश शर्मा, दुग्ध संघ के महाप्रबंधक सुनील कुमार वर्मा, शिवचरण शर्मा और आदित्य नागर ने पौधारोपण के महत्व और पेड़ों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। सेवानिवृत्त वन एसडीओ शमशेर सिंह तोमर ने पेड़ों की कटाई से बढ़ते पर्यावरणीय असंतुलन पर चिंता जताते हुए वनों को बचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश शर्मा ने की। मुख्य अतिथि सुनील कुमार वर्मा थे। विशेष अतिथि के रूप में दुग्ध संघ

## शासकीय भूमि पर टीन शेड बनाकर किया अतिक्रमण, नोटिस के बाद अब हटाने के आदेश जारी, 10 हजार का जुर्माना

### रत्नयाखेड़ी रोड पर अतिक्रमण को 15 दिन में हटाने का तहसीलदार ने दिया आदेश

**जागरण नागदा।** उज्जैन जावरा बाईपास के समीप रत्नयाखेड़ी रोड मुख्य मार्ग पर बेशकीमती शासकीय भूमि पर समीप की जमीन मालिक द्वारा लंबे समय से अतिक्रमण कर जगह पर टिन शेड बनाकर कब्ज़ा किया गया हैं मामले मै पटवारी रिपोर्ट के आधार और दो बार नोटिस जारी करने के बाद तहसीलदार ने 15 दिनों मै अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी कर दिए हैं यदि कब्जेधारी द्वारा तय समय मै अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो शासन द्वारा शासकीय जमीन क़ो अतिक्रमण मुक्त करवाया जाएगा।




दरअसल ये मामला लंबे समय से जाँच प्रक्रिया मै चल रहा हैं द्य मामले मै मिली जानकारी अनुसार पाडल्या कला स्थित पटवारी हल्का नंबर 23 मै पंचनामा बनाकर उल्लेख किया गया था की पाडल्याकला की शासकीय भूमि सर्वे नंबर 715 रकबा 01880 मै से 0.0612 वर्गमीटर पर राहुल आंजना द्वारा टिन शेड बनाकर अतिक्रगमण किया हैं जिसकी रिपोर्ट नक़्शे के साथ पंचनामा बनाकर तहसीलदार के समक्ष करीब 3 वर्ष पूर्व प्रस्तुत किया गया था जिसके बाद अ 68 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर राहुल आंजना क़ो नोटिस जारी किया गया था जवाब मै राहुल आंजना ने धारा 248 के तहत सुचना पत्र निरस्त करने का आवेदन दिया गया द्य जिसके बाद उन्हें नक्शा सुधार हेतु समय भी दिया गया था लेकिन ये काम भी नियम के अनुसार नहीं होने पर उन्हें दोबारा नोटिस जारी किया गया। इसके बाद भी आँजना द्वारा अभिभाषक के माध्यम से नक्शा व अन्य दस्तावेज दिखाए गए थे प्रस्तुत दस्तावेजों में यह कहा गया कि नया सर्वे नंबर 714 बना है तथा सर्वे नंबर 694 का नया सर्वे नंबर 715 बना है इस मान से यह उनके पूर्वजों द्वारा क्रय की गई जमीन है इसके पश्चात पटवारी अनिल शर्मा द्वारा रिपोर्ट पंचनामा आवेदक पक्ष के साथियों के कथन एवं परीक्षण का अवलोकन किया गया साथ ही जांच के बाद यह भी स्पष्ट किया गया की पलिया कला स्थित भूमि सर्वे नंबर 715 शासकीय गोचर रकबा 0.1880 है द्य

#### 10 हजार का जुर्माना

तमाम जांच और विवेचना के बाद तहसीलदार मधु नायक द्वारा आदेश जारी किए गए जिसमें यह बताया गया की भूमि सर्वे नंबर 715 रकबा 0.1880 में से 0.0612 वर्ग मीटर पर राहुल आंजना का टीन शेड बनाकर अतिक्रमण पाया गया है इसलिए मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता की धारा 248 के तहत राहुल अंजना पर10000 का अर्थ दंड एवं 15 दिवस के अंदर शासकीय देवस्थान भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के आदेश 19 अगस्त क़ो जारी किए गए हैं।

## देवधाम मानसा से तराना तक निकली 40 किलोमीटर की भव्य पैदल कलश एवं कावड़ यात्रा

### हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा तिलभांडेश्वर महादेव को चढ़ाया पवित्र जल, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**जागरण तराना।** मालवा क्षेत्र के प्रसिद्ध देवस्थान देवधाम मनासा से बाबा तिलभांडेश्वर महादेव की नगरी तराना तक लगभग 40 किलोमीटर की भव्य पैदल कलश एवं कावड़ यात्रा निकाली गई। देवधाम मनासा के पंडाजी एवं मंदिर पुजारी श्री चरणसिंह जी गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक यात्रा में हजारों की संख्या में माता-बहनों, बच्चों, युवाओं, समाज के वरिष्ठजनों, साधु-संतों, समाजसेवियों तथा विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा का शुभारंभ सुबह करीब 9 बजे देवस्थान मनासा से हुआ। श्रद्धालु भक्ति और आस्था के साथ कावड़ एवं कलश लेकर पैदल तराना की ओर रवाना हुए। यात्रा बुखारी, बगवाड़ा, हारूखेड़ी, कड़ोदिया, डेलची, लिम्बादित, डोबड़ा गुर्जर, नाहरखेड़ी, निपानिया एवं तोबरीखेड़ा सहित विभिन्न गांवों से होते हुए रात्रि करीब 9 बजे तराना पहुंची।धार्मिक यात्रा के मार्ग में ग्रामीणों एवं विभिन्न राजनीतिक तथा सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया गया। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत, फलाहार एवं प्रसाद का वितरण किया गया। कावड़ यात्रियों के उत्साह और भगवान शिव के जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय नजर आया।तराना पहुंचने के बाद कावड़ यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ। इस दौरान रात्रि में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक एवं भगवान देवनारायण कथा वाचक ईश्वर भगत गुर्जर ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। अगली सुबह पैदल कलश एवं कावड़ यात्रा प्रसिद्ध प्राचीन तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर परिसर पहुंची। यहां देवधाम मनासा के पंडाजी एवं पुजारी चरणसिंह जी गुर्जर, दयालनाथ जी महाराज देवनारायण मंदिर, तीर्थराज पुष्कर राजस्थान, साध्वी सुगना बाईसा गौसेवा कुंज आश्रम उज्जैन सहित देवनारायण भगवान के मंदिरों के पुजारीगण एवं समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में विधि-विधान से बाबा तिलभांडेश्वर महादेव का पूजन-अभिषेक किया गया तथा पवित्र जल अर्पित किया।



### मिलावट के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

**जागरण उज्जैन।** बढ़ती महंगाई, पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट से वाहन खराब होने, शक्कर के बढ़ते दाम और बिजली के भारी भरकम बिलों के विरोध में कांग्रेस ने शहर में उग्र प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में शास्त्री नगर और इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में विशाल पैदल मार्च निकालकर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों का कड़ा विरोध जताया।शास्त्री नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. बबलू खींची के नेतृत्व में जयसिंहपुरा जैन मंदिर से राजीव रत्न तक पैदल मार्च निकाला। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम आदमी का जीना दुश्वार हो गया है। पैदल मार्च के पश्चात नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय, वीनू कुशवाहा, देवव्रत यादव, चंद्रभान सिंह चंदेल, अभिषेक लाला और संचित शर्मा ने महंगाई के विरुद्ध सभा को संबोधित किया।इस अवसर पर शिव लश्करी, वरुण शर्मा, आनंद मीणा, दुर्गेश धवन, ऋतुराज सिंह चौहान उपस्थित थे।

## मनकामेश्वर महादेव से निकली पावन कावड़ यात्रा उज्जैन पहुंची

**जागरण तराना।** प्राचीन श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर नांदेड़ रुपाखेड़ी से प्रारंभ हुई पावन कावड़ यात्रा धार्मिक आस्था और भक्ति के साथ उज्जैन स्थित बाबा महाकालेश्वर मंदिर पहुंची। अखिल भारतीय ग्राम विकास के सह-संयोजक शंभुप्रसाद गिरी के नेतृत्व में निकली इस कावड़ यात्रा में हजारों कि संख्या में श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी शामिल हुए। कावड़ यात्रा का जगह-जगह फलाहारी वितरण कर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कावड़ यात्रियों ने पवित्र जल लेकर श्रद्धा और भक्ति के साथ यात्रा पूरी की। कावड़ यात्रा उज्जैन पहुंचने के दौरान करिब 900 कांवड़िए उज्जैन मंदिर में पवित्र जल लेकर पहुंचे सभी श्रद्धालुओं ने बाबा महाकालेश्वर मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा पवित्र जल अर्पित कर बाबा महाकाल का जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बाबा महाकाल के जयकारों से गूंज उठा।



कावड़ यात्रा के दौरान पुर्व भाजपा उज्जैन ग्रामीण जिला अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला पूर्व ग्रामीण जिला महामंत्री नाहरसिंह पंवार, पूर्व भाजपा कनासिया मंडल अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर, पूर्व माकड़ोन मंडल उपाध्यक्ष गोकुलसिंह यादव लिंबादित , भाजपा कनासिया मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र डॉन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और सर्वजन के मंगल की कामना की। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

वारदात | विवेकेश्वर महादेव मंदिर में वारदात, टीन शेड का पतरा हटाकर अंदर पहुंचे बदमाश

## गेट पर ताला था, फिर भी मंदिर में घुस गए चोर और दानपेटी से ले गए नकदी

**जागरण उज्जैन।** विवेकानंद कॉलोनी स्थित विवेकेश्वर महादेव मंदिर में चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए रात में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। हैरानी की बात यह रही कि मंदिर के मुख्य गेट का ताला पूरी तरह सुरक्षित मिला, लेकिन सुबह जब पुजारी पूजा करने पहुंचे तो दानपेटी टूटी पड़ी थी और उसमें रखी नकदी गायब थी। आशंका है कि चोर मंदिर की छत पर लगे टीन शेड का पतरा हटाकर अंदर दाखिल हुए।

मंगलवार रात करीब 9 बजे मंदिर के पुजारी योगेश पाठक मुख्य द्वार पर ताला लगाकर घर चले गए थे। बुधवार सुबह करीब 5.45 बजे वे पूजा के लिए पहुंचे। ताला खोलकर अंदर गए तो साईं प्रतिमा की लाइट जल रही थी।

मंदिर के भीतर नजर दौड़ाई तो दानपेटी का नकूचा टूटा मिला। दानपेटी में रखे नोट और चिल्लर गायब थे। चोरी का पता चलते ही उन्होंने नीलगंगा पुलिस को सूचना दी।






### छत के गैप ने खोला चोरी का रास्ता

पुजारी योगेश पाठक ने बताया कि मंदिर के टीन शेड में धुआं निकलने के लिए तीन जगह गैप बने हुए हैं। इनमें दो छोटे हैं, जबकि तीसरा गैप थोड़ा बड़ा है। इसी गैप से बदमाशों ने पतरा हटाया और मंदिर में प्रवेश किया होगा। मंदिर के मुख्य गेट का ताला सुरक्षित मिलने से पुलिस भी इसी रास्ते से चोरों के अंदर आने की आशंका पर जांच कर रही है।

सूचना मिलते ही नीलगंगा पुलिस मौके पर पहुंची। क्षेत्रीय पार्षद दुर्गा चौधरी और उनके पति शक्ति चौधरी भी मंदिर पहुंचे। शक्ति चौधरी ने बताया कि गेट बंद था और ताला भी सुरक्षित था। ऊपर लगी लोहे की चादर अपनी जगह से थोड़ी हटी हुई मिली है। ऐसे में माना जा रहा है कि चोरों ने छत के रास्ते मंदिर में प्रवेश किया।

### सावन में बढ़ी थी दान की राशि

पुजारी ने बताया कि सावन शुरू होने से पहले दानपेटी खोली गई थी। इसके बाद पूरे सावन महीने में मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही रही। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ बाहर से आने वाले यात्रियों ने भी दान किया। अनुमान है कि करीब एक महीने में दानपेटी में 15 से 20 हजार रुपए जमा हुए होंगे।

पुलिस अब मंदिर के आसपास लगे कैमरों और संभावित रास्तों की जानकारी जुटाकर चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मुख्य दरवाजे का ताला बिना टूटे रहने और छत के रास्ते चोरों के आने की आशंका ने वारदात को खासा रहस्यमय बना दिया है।

15 दिन तक सीखे जूडो-कराटे के दांव-पेंच

## 45 बेटियां बनीं 'अपराजिता', अब मनचलों से डरेंगी नहीं देंगी करारा जवाब



**जागरण उज्जैन।** डरकर पीछे हटने के बजाय अब मुकाबला करने का हौसलाज महेशनगर की 45 बेटियों ने 15 दिन तक जूडो-कराटे का प्रशिक्षण लेकर खुद को 'अपराजिता' बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित प्रशिक्षण में बालिकाओं ने आत्मरक्षा के दांव-पेंच सीखने के साथ विपरीत परिस्थितियों में खुद को सुरक्षित रखने का अभ्यास किया। महेशनगर स्थित पानी की टंकी के नीचे 29 जुलाई से 15 अगस्त तक चले इस प्रशिक्षण में कराटे कोच पूजा चौहान ने बालिकाओं को जूडो-कराटे का प्रशिक्षण दिया। बालिकाओं को हमले से बचने, सामने वाले का मुकाबला करने और मुश्किल समय में आत्मविश्वास बनाए रखने के तरीके सिखाए गए। समापन अवसर पर बालिकाओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रशिक्षण के दौरान सीखे हुनर को बालिकाओं ने प्रतियोगिता में आजमाया और बेहतर प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया।विजेता बालिकाओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी ज्योत्सना दीक्षित, अल्पना सक्सेना, वन स्टॉप सेंटर से वीणा बौरासी और प्रियंका त्रिपाठी मौजूद रहीं।

### महंत मायादेवी बनीं राष्ट्रीय अध्यक्ष

**जागरण उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को नई दिल्ली के करोल बाग में आयोजित की गई। इस दौरान संगठन को गति देने के लिए नवगठित महिला विभाग में मध्य प्रदेश के मालवा प्रांत का दबदबा रहा। उज्जैन की महंत मायादेवी साहेब को नारी शक्ति का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संस्था के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहेब की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महिला विभाग में मालवा से ही इंदौर की महंत अनुराधा कबीर पंथी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और देवास की लक्ष्मी भारती को राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन का विस्तार करते हुए भारत सरकार के सामाजिक न्याय बोर्ड के सदस्य अशोक कुमार को राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार, जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी कमिश्नर फकीरचन्द भगत को राष्ट्रीय महासचिव और लालचंद दुहन को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया।